RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-192 जयपुर, गुरुवार, 08 जनवरी 2026 मूल्य-4 रूपये

### सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई

# कुत्तों से कब तक परेशानी झेलेंगे लोग बच्चों-बड़ों को काट रहे: सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट बोला-कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे:स्कूल और कोर्ट कैंपस में कुत्तों की क्या जरूरत

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सड़कों पर कुत्तों की मौजूदगी पर चिंता जताई। कहा कि इलाज से बेहतर है रोकथाम और हमें इस पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कुत्तों के कारण आम लोगों को आखिर कब तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हमारा आदेश सड़कों के लिए नहीं, बल्कि केवल संस्थागत क्षेत्रों के लिए है। हमें सड़कों, स्कूलों और संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों की क्या जरूरत है। उन्हें वहां से हटाने पर क्या आपत्ति हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सड़कों को कुत्तों से साफ और खाली होना चाहिए। हो सकता है वे न काटें, लेकिन वे हादसों की वजह बनते हैं। मामले की सुनवाई ढाई घंटे तक चली।



अगली सुनवाई 8 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से फिर शुरू होगी।

#### विरोध प्रदर्शन के बाद कोर्ट ने बदला था फैसला

पिछले साल यह मामला तब राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना जब सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने दिल्ली नगर निगम को आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखने का निर्देश दिया था। इस आदेश के खिलाफ पशु अधिकार समूहों ने प्रदर्शन किए थे। बाद में मौजूदा पीठ ने आदेश बदला और कहा- स्थायी शेल्टर में रखने के बजाय टीकाकरण और नसबंदी कर कुत्तों को छोड़ा जाए।

#### अदालत परिसरों, स्कूलों में कुत्तों की क्या जरूरत है

जस्टिस मेहताः जहां तक संस्थानों की बात है, वे सड़कें नहीं हैं। अदालत परिसरों, स्कूलों में कुत्तों की क्या जरूरत है? हम किस बारे में बात कर रहे हैं? सिब्बलः अगर आप नियमों का पालन किए बिना इन सभी कुत्तों को शेल्टर होम्स में छोड़ देंगे तो... जस्टिस मेहताः नियमों के अनुसार उन्हें उसी क्षेत्र में वापस छोड़ना होगा। फिर संस्थाएं कुत्तों से मुक्त कैसे रहेंगी, क्या उन्हें सड़कों पर छोड़ देना चाहिए। सिब्बलः इस तरह से कुत्तों की आबादी खत्म नहीं की जा सकती। एक कुत्ता जाता है तो दूसरा उसकी जगह आ जाता है। अगर वैज्ञानिक मॉडल का पालन किया जाए तो एक दशक में ये खत्म हो जाएंगे। इनकी उम्र सिर्फ 10 साल होती है। पहले भी यह तरीका कारगर साबित हो चुका है। जिन इलाकों में आवारा कुत्तों को हटाया या मारा जाता है, वहां इंसान और कुत्ते के बीच संघर्ष बढ़ जाता है। हमारे बच्चों और लोगों की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन समाधान ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे खतरा बढ़े।

#### देश में कुत्तों की आबादी 5 करोड़ से ज्यादा

सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल ने कहा कि इस यूनिवर्सिटी में एक एनिमल लॉ सेंटर है। इसमें एनिमल प्रोटेक्शन में मास्टर्स कोर्स और पीजी डिप्लोमा भी है। एनिमल प्रोटेक्शन के संबंध में इसका हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ स्र्ब्ब है। हमारी जांच में ऐसे आंकड़े सामने आए हैं जो पहले कोर्ट के सामने नहीं रखे गए थे।

#### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कुत्तों को सड़कों से हटाना होगा

सुप्रीम कोर्टः कुत्ता काटेगा, किसी का पीछा करेगा, सिर्फ ऐसा ही नहीं है, एक्सीडेंट भी हो सकता है। जब वे सड़क पर दौड़ते हैं तो यह एक समस्या है। ऐसी सड़कें जहां गाड़ियां चलती हैं। यह सिर्फ काटने की बात नहीं है। सिब्बलः लेकिन कुत्ते सड़कों पर नहीं होते, वे कंपाउंड में होते हैं। सुप्रीम कोर्टः क्या आप सीरियस हैं? आपकी जानकारी पुरानी लग रही है। रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सड़कों को कुत्तों से साफ और खाली रखना होगा। वे शायद काटें नहीं, लेकिन फिर भी वे एक्सीडेंट का कारण बनते हैं।

## जज कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट बोला- संसदीय जांच पैनल में खामी

#### पहले इसकी गंभीरता तय करेंगे, फिर पूरी कार्यवाही पर फैसला लिया जाएगा

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर कहा कि लोकसभा स्पीकर की ओर से गठित संसदीय जांच पैनल में कुछ खामी दिखाई देती है। हालांकि कोर्ट यह देखेगा कि क्या यह खामी इतनी गंभीर है कि पूरी कार्यवाही को खत्म किया जाए।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया है कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। फिर भी लोकसभा ने अकेले जांच समिति बनाई जो कि गलत है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजेज



इन्क्वायरी एक्ट के तहत लोकसभा स्पीकर के पास यह अधिकार है कि वह जस्टिस वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए समिति गठित कर सकें, भले ही राज्यसभा में ऐसा ही प्रस्ताव खारिज हो चुका हो।

14 मार्च को दिल्ली में जज के आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में आग लगने के बाद जले हुए नोटों के बंडल मिले थे। इसके बाद के घटनाक्रम में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

## महिला सुरक्षा में बेंगलुरु-चेन्नई सबसे बेहतर

बेंगलुरु

महिलाओं की सुरक्षा के मामले में बेंगलुरु और चेन्नई देश के सबसे बेहतर शहर बने हुए हैं। वर्क प्लेस कल्चर कंसल्टिंग फर्म अवतार ग्रुप की रिपोर्ट 'टॉप सिटीज फॉर वीमेन इन इंडिया के चौथे संस्करण में यह जानकारी सामने आई है।रिपोर्ट में 125 शहरों को महिलाओं की भागीदारी, सुरक्षा और करियर ग्रोथ के आधार पर रैंक किया गया है। बेंगलुरु ने 53.29 स्कोर के साथ पहला स्थान पाया है।2022 से अब तक की पिछली रिपोर्ट्स से तुलना की गई है। शहरों की रैंकिंग सिटी इन्क्लूजन स्कोर के आधार पर की गई है, जो अवतार के रिसर्च और सरकारी आंकड़ों से निकाला गया है।

### मोदी पर ट्रम्प के बयान पर कांग्रेस का एआई वीडियो, लिखा-

## ट्रम्प सर, मे आई सी यू प्लीज; राहुल बोले- इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था

नई दिल्ली

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पीएम नरेंद्र मोदी पर दिए बयान के बाद बुधवार को मोदी और ट्रम्प की बातचीत का एआई वीडियो एक्स पर शेयर किया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा- ट्रम्प सर, मे आई सी यू प्लीज।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार को दावा किया था- प्रधानमंत्री मोदी मुझसे मिलने आए और कहा- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं। इसके बाद उन्होंने हां कहा था।

इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। राहुल ने एक्स पर 'फर्क समझो सर जी' कैप्शन के साथ 3 जून का वीडियो शेयर किया।

राहुल ने कहा- मोदी ट्रम्प के आगे सरेंडर हो जाते हैं, लेकिन इंदिरा ने अमेरिका को झुकाया था। आपको वह समय याद होगा जब फोन कॉल नहीं था, सातवां फ्लीट आया था। 1971 के युद्ध में अमेरिका ने अपने एयरक्राफ्ट कैरियर और हथियार भेजे थे। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था, 'मुझे जो करना है, मैं करूंगी।



#### ट्रम्प ने दावा किया था- मोदी मिलने आए, पूछा- सर क्या आपसे मिल सकता हूं

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक दिन पहले मंगलवार को कहा था कि पीएम मोदी उनसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि यह सारी बातचीत कब और कहां हुई। ट्रम्प ने कहा- अपाचे हेलिकॉप्टर की वजह से भारत कई सालों से मेरे पास आ रहा था। हम इसे बदल रहे हैं। भारत ने 68 अपाचे हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है।

#### खड़गे बोले- सिर हिलाने के लिए पीएम नहीं चुना

सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयानों को लेकर पीएम मोदी पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा- मैं नहीं समझ पा रहा कि मोदी ट्रंप के सामने क्यों झुक रहे हैं। यह देश के लिए ठीक नहीं है। आपको देश के लिए खड़ा होना चाहिए। देश ने आपको प्रधानमंत्री सिर हिलाने के लिए नहीं चुना।

खड़गे ने वेनेजुएला की स्थिति पर भी चिंता जताते हुए कहा- वहां बन रहे हालात दुनिया के लिए अच्छे नहीं हैं। डराने और विस्तारवादी नीति ज्यादा समय तक नहीं चलती।

## भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.4% रहने का अनुमान

नई दिल्ली

मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की इकोनॉमिक ग्रोथ के पहले एडवांस एस्टीमेट जारी किए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल यानी वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की रियल जीडीपी ग्रोथ 7.4% रहने की उम्मीद है। इससे पहले सरकार के अनुमान 6.3%-6.8% रहे थे।

वहीं पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में यह विकास दर 6.5% रही थी। मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन और सर्विस सेक्टर में आए उछाल को इस बढ़त की मुख्य वजह माना जा रहा है। वहीं सरकार ने नॉमिनल जीडीपी (महंगाई के साथ) की ग्रोथ 8% रहने की उम्मीद जताई है।

क्रिसिल के चीफ इकोनॉमिस्ट धर्मकीर्ति जोशी का कहना है कि इस साल नॉमिनल और रियल जीडीपी के बीच केवल 60 बेसिस पॉइंट (0.6%) का अंतर है। यह 2011-12 के बाद सबसे कम अंतर है। इसका सीधा मतलब यह है कि देश में महंगाई काबू में है, जिसकी वजह से नॉमिनल और रियल ग्रोथ के आंकड़े एक-दूसरे के बेहद करीब नजर आ रहे हैं।

## अमेरिका ने रूस का जहाज जब्त किया, वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहा था

मॉस्को/ वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका ने बुधवार को वेनेजुएला से तेल खरीदने जा रहे 2 टैंकरों को पकड़ लिया। न्यूज एजेंसी 'रशिया टुडे' के मुताबिक इसमें से एक रूस का जहाज मैरिनेरा है, जबकि दूसरे का नाम सोफिया है। सोफिया पर पनामा देश का झंडा है, लेकिन यह किस देश का है इसकी जानकारी नहीं है। अमेरिका ने रूसी झंडे वाला तेल टैंकर मैरिनेरा को उत्तरी अटलांटिक में जब्त किया, जबकि दूसरा जहाज कैरिबियन सी में पकड़ा गया। ये दोनों जहाज कुछ घंटे के अंतराल पर पकड़े गए। रूस ने अपने जहाज की सुरक्षा के लिए सबमरीन और अन्य नौसैनिक जहाज भेजे, लेकिन वे इसे बचाने में




सफल नहीं हुए।

रिपोर्ट के मुताबिक यह जहाज वेनेजुएला से तेल लेने जा रहा था, ताकि उसे चीन या दूसरे देशों को पहुंचाया जा सके। अमेरिकी सैनिक दो हफ्तों से मैरिनेरा जहाज का पीछा कर रहे थे। अमेरिका ने जिस रूसी जहाज को पकड़ा है, पहले इसका नाम बेला-1 था। अमेरिका ने इसे प्रतिबंधित जहाजों की लिस्ट में डाल दिया था। दिसंबर 2025 में यह वेनेजुएला की ओर जा रहा था, लेकिन अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने इसे रोकने की कोशिश की।

उस समय जहाज के क्रू मेंबर की होशियारी से यह जहाज बच गया था। अमेरिकी कोस्ट गार्ड के पास इस जहाज को जब्त करने का वॉरंट था। अमेरिकी अधिकारियों का आरोप था कि यह जहाज अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा था और ईरानी तेल ढो रहा था।

तब यह जहाज गुयाना के झंडे के तहत रजिस्टर्ड था। लेकिन इसके बाद इस जहाज का नाम बदलकर 'मैरिनेरा' कर दिया गया था। इसके बाद इस पर रूसी झंडा लगाकर इसे देश की ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिस्ट में शामिल कर दिया गया।

## जेएनयू में मोदी-शाह के खिलाफ नारा, मामला दर्ज

#### जेएनयू के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा छात्रों की पहचान की, कहा- 30 से 35 स्टूडेंट मौजूद थे

नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बुधवार रात दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में साबरमती हॉस्टल के बाहर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगे विवादित नारे के मामले में एफआईआर दर्ज की। शिकायत जेएनयू के मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने दर्ज कराई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मौके पर 30-35 छात्र मौजूद थे। शुरुआत में कार्यक्रम शांतिपूर्ण था, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं मिलने पर भड़काऊ नारे लगाए गए। दो 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी हैं। सीएसओ ने कुछ छात्रों की पहचान भी की है।

दरअसल, 6 जनवरी को 35 सेकेंड का वीडियो वायरल हुआ। दावा किया गया कि जेएनयू के छात्रों ने 5 जनवरी की रात 'मोदी-शाह की कब्र खुदेगी, जेएनयू की धरती पर' के नारे लगाए थे। जेएनयू प्रबंधन ने भी मामले में एफआईआर की मांग की थी।

बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया था कि जेएनयू में यह प्रदर्शन उमर खालिद-शरजील के समर्थन में हुआ। यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार है। वहीं कांग्रेस ने इसे गुस्सा जाहिर करने का तरीका बताया था।

## सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर, सात महिलाएं भी शामिल

सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में 13 पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन कैडरों में सात महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने 'पूना मार्गेम' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया।

### एसआईआर लिस्ट से नाम कटवाने पर कांग्रेस पार्षद ने केस किया था

# कर्नाटक में हिरासत के दौरान बीजेपी महिला कार्यकर्ता से मारपीट

बेंगलुरु

कर्नाटक के हुब्बली शहर में मंगलवार को पुलिस हिरासत के दौरान एक भाजपा महिला कार्यकर्ता से मारपीट का मामला सामने आया। महिला ने कपड़े फाड़े जाने का भी आरोप लगाया है। बीजेपी कार्यकर्ता को कांग्रेस पार्षद की शिकायत पर हिरासत में लिया गया था। घटना का एक वीडियो सामने आया है। पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

घटना से जुड़ा वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला कार्यकर्ता को बस के अंदर पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों से घिरा देखा जा सकता है। आरोप है कि हिरासत के दौरान महिला ने पुलिस कार्रवाई



पर आपत्ति जताई और विरोध किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान उसके कपड़े भी फट गए।

महिला को कांग्रेस की पार्षद सुवर्णा कल्लाकुंटला की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हिरासत में लिया गया था। यह शिकायत केशवापुर राणा इलाके में मतदाता सूची संशोधन से जुड़े विवाद को लेकर दर्ज कराई गई थी।

मतदाता सूची संशोधन के दौरान कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच पहले भी विवाद हुआ था। आरोप लगाया गया था कि महिला कार्यकर्ता ने कुछ मतदाताओं के नाम सूची से हटाने में अधिकारियों की मदद की थी। महिला कार्यकर्ता ने मतदाता सूची से नाम हटाने में किसी भी तरह की भूमिका से इनकार किया है। इसी मुद्दे को लेकर पहले कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें भी हुई थीं।

#### पुलिस ने कहा- गिरफ्तारी के दौरान हमला किया

पुलिस आयुक्त एन. शशिकुमार ने कहा कि एक महिला को हिरासत में लिया गया था। उसे एक स्थानीय व्यक्ति की ओर से दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किया गया, जिसमें उसने दूसरे व्यक्ति पर गंभीर हमला किया था। गिरफ्तारी की प्रक्रिया के दौरान उसने और उससे जुड़े लोगों ने काफी विरोध किया। इसी दौरान उसने हमारे एक सब-इंस्पेक्टर को काट लिया और 3-4 पुलिसकर्मियों पर गंभीर हमला किया गया, जिससे सरकारी कामकाज में बाधा पड़ी। सोशल मीडिया और मीडिया में वायरल वीडियो के संबंध में उन्होंने कहा कि जब महिला को पुलिस वाहन तक ले जाया गया, तब वह कपड़े पहने हुई थी। वाहन के अंदर जाने के बाद उसने खुद कपड़े उतारकर फेंक दिए।

#### विरोध करने पर काउंटर केस दर्ज

पुलिस का कहना है कि हिरासत के दौरान महिला ने विरोध किया और पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद पुलिस ने महिला के खिलाफ काउंटर शिकायत दर्ज की।

#### पहले कांग्रेस में थी, हाल ही में भाजपा में हुई शामिल

जानकारी के मुताबिक, जिस महिला के साथ मारपीट हुई है। वह पहले कांग्रेस की कार्यकर्ता थी। हाल ही में भाजपा में शामिल हुई थी। इसको लेकर भी दोनों दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं।

## कुत्तों ने 4 साल की बच्ची पर किया हमला, चेहरे को बुरी तरह नोचा

कोटा

कोटा जिले के ग्रामीण इलाके सांगोद में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां आवारा कुत्तों के झुंड ने एक मासूम 4 साल की बच्ची पर हमला बोल दिया। बच्ची का नाम अलिजा है, और कुत्तों ने उसके चेहरे को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। उसके मुंह, नाक, आंखों के नीचे और माथे पर गहरे घाव हो गए। शुक्र है कि उसकी आंखें बच गईं, वरना नुकसान और भी ज्यादा हो सकता था।

घटना 4 जनवरी की दोपहर सांगोद क्षेत्र में रामबाड़ी के सामने की है। बच्ची के चाचा आबिद ने बताया कि अलिजा घर के पास की दुकान से टॉफी लेकर लौट रही थी, तभी अचानक कई कुत्तों ने उसे घेर लिया और चेहरे पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बच्ची को कुत्तों से छुड़ाया, जिसके बाद उसे तुरंत सांगोद अस्पताल ले जाया गया।

हालत गंभीर होने पर उसे कोटा के एमबीएस अस्पताल रेफर किया गया, 4 जनवरी को बच्ची की सर्जरी की गई फिलहाल मासूम 2-3 दिन और डॉक्टरों की देखरेख में रहेगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से कुत्तों का आतंक है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। कोटा में यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिन पहले 27 दिसंबर पाटन पोल इलाके में एक ऑटो ड्राइवर पर भी कुत्तों ने हमला कर उसके मुंह को नोच डाला था, जिसे एमबीएस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट और मानवाधिकार आयोग तक आवारा कुत्तों की समस्या पर सख्ती दिखा चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस हैं।

## अबू सलेम ने मांगी इमरजेंसी परोल

मुंबई (एजेंसी)। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम को बार-बार मिल रही परोल को लेकर मचे बवाल के बीच अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम ने भी इमरजेंसी परोल की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। राम रहीम रेप और हत्या के मामले में 20 साल की जेल और उम्रकैद की दोहरी सजा काट रहा है। उसे 8 साल में 15वीं बार परोल मिली है। वहीं अबू सलेम 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट और बिल्डर की हत्या का दोषी है। गैंगस्टर अबू सलेम ने अपने बड़े भाई की मौत के बाद परिवार से मिलने और अंतिम संस्कार की रस्में अदा करने के लिए इमरजेंसी परोल की मांग की है। उसने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) जाने की अनुमति मांगी गई है। सलेम के बड़े भाई अबू हाकिम अंसारी का 14 नवंबर 2025 को निधन हो गया था। सलेम ने उन्हें पिता तुल्य बताया है। अबू सलेम ने अपने बड़े भाई की मौत के बाद इमरजेंसी परोल मांगी है, ताकि 40वें दिन की रस्में, कुरान ख्वानी, कब्रिस्तान पर दुआ और परिवार से मिल सके।

## महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष ने माफी मांगी

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने पूर्व सीएम विलासराव देशमुख पर अपनी टिप्पणी को लेकर उनके बेटों से माफी मांगी है। रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को कहा कि मेरी टिप्पणी राजनीतिक मकसद से नहीं थी।अगर इससे दिवंगत नेता के बेटे की भावनाएं आहत हुई हैं तो वह उनसे माफी मांगते हैं। दरअसल, रवींद्र चव्हाण ने सोमवार को लातूर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आपका (कार्यकर्ताओं का) उत्साह देखकर मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि विलासराव देशमुख की यादें इस शहर से मिट जाएंगी। विलासराव के बड़े बेटे और कांग्रेस नेता अमित देशमुख ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि किसी बाहरी व्यक्ति के कहने से उनके पिता की यादें नहीं मिट सकतीं।

## मणिपुर में 3 घंटे में दो आईईडी ब्लास्ट

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर सरकार ने बिष्णुपुर जिले में लगातार दो धमाकों की घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। सोमवार को हुए इन ब्लास्ट में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए थे। ये धमाके स्थानीय स्तर पर बनाए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से किए गए थे। पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) और बिष्णुपुर जिले के पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेने के लिए धमाके वाली जगहों का दौरा किया। घटना में शामिल दोषियों को पकड़ने के लिए मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी आस-पास के इलाकों में तलाशी अभियान जारी रहा। मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद से इस घर का परिवार फिलहाल केइबुल लामजाओ के एक रिलीफ कैंप में रह रहा है। पहला धमाका होने के बाद जब गांव वाले मौके पर जमा हुए, तो करीब 200 मीटर दूर पर 8ः45 बजे दूसरा ब्लास्ट हुआ। इस ब्लास्ट में दो लोग घायल हो गए।

## कोर्ट-ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकियां

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई। सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वॉड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है। गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के ऑफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी। आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, यह धमकी एलटीटीईई (लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम) के नाम से दी गई है।

## मानहानि मामले में नोटिस जारी होने पर बोले प्रियांक खरगे

### -देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा है आरएसएस

बंगलूरू (एजेंसी)। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मंगलवार को आरएसएस को देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा बताया। प्रियांक खरगे ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ दायर कानूनी मामले संगठन के बारे में उनकी ओर से उठाए गए सवालों की प्रतिक्रिया हैं। प्रियांक खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक अखबार का लेख साझा किया, जिसमें बताया गया था कि एक आरएसएस सदस्य की ओर से दायर मानहानि की शिकायत के मामले में एक विशेष अदालत ने उन्हें और राज्य के साथी मंत्री दिनेश गुंडू राव को नोटिस जारी किया है। अपने पोस्ट में खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि संगठन अपने स्वयंसेवकों के चंदे से चलता है। इस दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा लोगों का समूह अपने कठपुतलियों का इस्तेमाल करके हमारे खिलाफ मामले दर्ज करवा रहा है, सिर्फ इसलिए कि हम आरएसएस पर जायज सवाल उठा रहे हैं। आरएसएस राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस अपने स्वयंसेवकों के दिए गए दान से चलता है। हालांकि, इस दावे के संबंध में कई जायज सवाल उठते हैं– ये स्वयंसेवक कौन हैं और इनकी पहचान कैसे होती है? दिए गए दान का पैमाना और स्वरूप क्या है? ये दान किन तरीकों या माध्यमों से प्राप्त होते हैं?

## सुल्तानपुर कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में जिरह पूरी, अगली सुनवाई 19 जनवरी तय

सुलतानपुर (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध चल रहे मुकदमे में मंगलवार को निर्धारित सुनवाई हुई। अदालत में परिवादी पक्ष के गवाह रामचंद्र दूबे से बचाव पक्ष द्वारा जिरह पूरी कर ली गई। परिवादी भाजपा नेता एवं कोआपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि परिवादी के गवाह से जिरह पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद न्यायालय ने राहुल गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 19 जनवरी की तिथि नियत की है।

# असम में प्रियंका गांधी वाड्रा को कमान देना... सीएम सरमा के लिए एक बड़ी चुनौती मान रही कांग्रेस

### सरमा के प्रभाव वाले कांग्रेसियों का असर होगा बेअसर



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि असम में एक निष्क्रिय आंतरिक नेटवर्क, इस पार्टी संभावित स्लीपर सेल कहती है, वे अभी भी सक्रिय है। वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, जो कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए, अमस में कांग्रेस ढांचे के भीतर कुछ व्यक्तियों पर अपना प्रभाव बनाए हुए हैं। कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की अधिक सक्रिय भागीदारी इस प्रभाव को बेअसर करने में मददगार साबित होगी।

बीते असम विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर्दे के पीछे काफी सक्रिय रहीं, हालांकि चुनाव प्रचार के दौरान वे सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आईं। तब कांग्रेस नेता भूपेश बघेल राज्य के वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में कार्यरत थे। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का मानना ??है कि प्रियंका का सशक्त नेतृत्व, रणनीतिक स्पष्टता और कार्यकर्ताओं से जुड़ने की क्षमता संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने और शर्मा के जाने के बाद बचे किसी भी अप्रत्यक्ष प्रभाव का मुकाबला करने में सहायक हो सकती है।

पार्टी का असम पर दुबारा ध्यान केंद्रित करना स्पष्ट राजनीतिक गणनाओं से प्रेरित है। पश्चिम बंगाल, जहाँ कांग्रेस का कोई मजबूत संगठनात्मक आधार नहीं है, या तमिलनाडु, जहाँ वह एक कनिष्ठ सहयोगी बनी हुई है, के विपरीत, पार्टी नेताओं के अनुसार, असम कांग्रेस को वापसी का मौका देता है। प्रियंका गांधी केरल में संगठनात्मक जिम्मेदारी भी नहीं ले सकतीं, क्योंकि आंतरिक नियमों के अनुसार नेता उन राज्यों में पद धारण नहीं कर सकते जहाँ से वे सांसद हैं, क्योंकि इससे निहित स्वार्थों की आशंका पैदा हो सकती है। इन सीमाओं को देखते हुए, असम प्रियंका गांधी के लिए कमान संभालने और राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने के लिए सबसे आशाजनक क्षेत्र के रूप में उभरा है।

कांग्रेस नेताओं का मानना है कि प्रियंका की उपस्थिति से पार्टी को एक मजबूत छवि बनाने, लगातार सुर्खियों में बने रहने और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने में मदद मिलेगी। उनकी भागीदारी से असम में सत्ता पुनः प्राप्त करने के प्रति पार्टी की गंभीरता का संकेत मिलेगा और गठबंधन सहयोगियों को भी गति मिलेगी। पिछले विधानसभा चुनावों में, महाजोत गठबंधन को 43.68 प्रतिशत वोट मिले, जबकि एनडीए को 44.51 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए। एनडीए ने 75 सीटें जीतीं, जबकि महाजोत को 50 सीटें मिलीं।

## सोनिया गांधी फिर अस्पताल में भर्ती, चेस्ट फिजिशियन की देखरेख में रखा

नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को मंगलवार को फिर दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और वह बेहतर महसूस कर रही हैं। उन्हें चेस्ट फिजिशियन की देखरेख में रखा गया है। डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें नियमित जांच और निगरानी के लिए ऑब्जर्वेशन में रखा गया है और चिंता की कोई बात नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में अस्पताल के सूत्र ने बताया कि नियमित जांच के तहत उन्हें भर्ती कराया गया है।



सोनिया गांधी को खांसी की समस्या है और वह समय-समय पर, खासकर शहर में प्रदूषण के कारण जांच के लिए आती रहती हैं। सोनिया गांधी ने दिसंबर 2025 में ही अपना 79वां जन्मदिन मनाया था। सोनिया गांधी को हाल के सालों में स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है। कुछ महीने पहले, उन्हें पेट की समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फरवरी में उन्हें एक दिन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, इस दौरान वह गैस्ट्रोएंटरोलॉजी स्पेशलिस्ट की देखरेख में रही थीं। इससे पहले 19 जून को सोनिया गांधी को पेट की बीमारी के इलाज के बाद दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। 79 साल की सीनियर नेता को 15 जून को पेट में इन्फेक्शन से जुड़ी शिकायतों के बाद भर्ती कराया गया था। 7 जून को भी कांग्रेस नेता हिमाचल प्रदेश के शिमला में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल गई थीं, उन्हें कुछ मामूली स्वास्थ्य समस्याओं के कारण रूटीन हेल्थ चेक-अप के लिए लाया गया था, यह जानकारी हिमाचल प्रदेश के सीएम के प्रिंसिपल एडवाइजर ने दी थी। सितंबर 2022 में सोनिया गांधी मेडिकल चेक-अप के लिए यूनाइटेड स्टेट्स गई थीं, यह दौरा कोविड-19 महामारी के कारण टाल दिया गया था। उस यात्रा के दौरान उनके साथ उनके बेटे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी थे।

## दिल्ली-एनसीआर में कोहरे ने बढ़ाई आफत, विमान सेवाएं प्रभावित, इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में एक-दो दिनों की मामूली राहत के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। संपूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) मंगलवार सुबह से ही घने कोहरे और स्मॉग की एक सफेद मोटी चादर में लिपटा नजर आ रहा है। इस भीषण धुंध के कारण न केवल सड़कों पर रफ्तार धीमी हुई है, बल्कि विमान सेवाओं पर भी इसका व्यापक असर पड़ा है। कम दृश्यता (विजिबिलिटी) के चलते दर्जनों उड़ानें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं, जबकि कई फ्लाइट्स को ऐन वक्त पर रद्द करना पड़ा है। कोहरे की मार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में विजिबिलिटी शून्य के करीब पहुंच गई है। दिल्ली के साथ-साथ मुंबई और गुवाहाटी जैसे प्रमुख शहरों से आने-जाने वाली विमानन सेवाएं भी इस मौसमी बदलाव की चपेट में हैं। खराब मौसम के कारण हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे हजारों यात्री टर्मिनल पर फंसे हुए हैं। बिगड़ते हालात को देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना साझा की है। प्रशासन के अनुसार, एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन कैट-3 सिस्टम के तहत संचालित किए जा रहे हैं। हालांकि अराइवल और डिपार्चर की प्रक्रिया जारी है, लेकिन कम विजिबिलिटी के कारण उड़ानों में देरी या अचानक बदलाव की पूरी संभावना बनी हुई है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइंस के माध्यम से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। निजी एयरलाइंस कंपनियों ने भी अपने यात्रियों को अलर्ट करना शुरू कर दिया है। इंडिगो और स्पाइसजेट सहित अन्य विमानन कंपनियों ने एडवाइजरी जारी कर यात्रियों से अपील की है कि वे घर से निकलने से पहले वेबसाइट या मोबाइल ऐप के जरिए अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करें। एयरलाइंस का कहना है कि वे यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, उत्तर भारत में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड का यह दौर अभी कुछ दिनों तक जारी रह सकता है।

# कर्नाटक सरकार में नेतृत्व संकट पर सस्पेंस बरकरार, सिद्धरमैया चाहते हैं मंत्रिमंडल विस्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक कांग्रेस में लंबे समय से चला आ रहा नेतृत्व विवाद 2026 की शुरुआत में भी पूरी तरह समाप्त होता नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के 15 जनवरी के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली जाकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करने की संभावना है। इस प्रस्तावित बैठक को लेकर राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सिद्धारमैया मंत्रिमंडल विस्तार के प्रस्ताव पर आलाकमान की मुहर चाहते हैं ताकि वो ही पांच साल सीएम रहेंगे इसकी मैसेजिंग साफ हो जाए जबकि उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार इस बात पर अड़े हैं कि ढाई ढाई साल सीएम के कथित फार्मूले पर आलाकमान पहले अंतिम फैसला करे। विदित हो सिद्धारमैया के बतौर मुख्यमंत्री ढाई साल पूरा होने के बाद से ही उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने दिल्ली पर लगातार दबाव बनाया हुआ है इससे कर्नाटक की कांग्रेस सरकार में सबकुछ ठीक चल रहा, ऐसा नहीं कहा जा सकता।

सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में होने वाली बातचीत में मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा हो सकती है, वहीं नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा भी उठने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अब तक किसी औपचारिक एजेंडे की घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया मंत्रिमंडल में बदलाव के पक्ष में हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार चाहते हैं कि पहले पार्टी नेतृत्व के सवाल पर स्पष्ट निर्णय लिया जाए। इसी मतभेद ने पार्टी के भीतर बहस को और तेज कर दिया है। बीते कुछ महीनों में जो चर्चा केवल अंदरूनी बैठकों तक सीमित थी, वह अब सार्वजनिक मंचों पर भी दिखने लगी है। राज्य के कई हिस्सों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नेतृत्व पर स्पष्टता की मांग की है। इन प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने डीके शिवकुमार के समर्थन में नारे लगाए और उन्हें मजबूत संगठनकर्ता तथा जमीनी नेता बताया। पार्टी के अंदर यह धारणा भी मजबूत हो रही है कि डीके शिवकुमार को संगठन और कैडर के बीच व्यापक समर्थन प्राप्त है। वहीं, कई वरिष्ठ नेताओं ने यह भी कहा है कि वे केंद्रीय नेतृत्व के किसी भी फैसले का समर्थन करेंगे और अंतिम निर्णय हाईकमान का ही होगा।

सार्वजनिक तौर पर सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ही एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। दोनों नेताओं ने कहा है कि पार्टी जो भी फैसला करेगी, वे उसे स्वीकार करेंगे। संयुक्त कार्यक्रमों और बैठकों के जरिए स्थिरता का संदेश देने की कोशिश भी की जा रही है।इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आश्वासन दिया है कि इस मुद्दे पर बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा, लेकिन मध्य जनवरी से पहले किसी बड़े फैसले की संभावना कम बताई जा रही है। हाल ही में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भी कुछ नेताओं ने नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा उठाया था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दिल्ली में होने वाली आगामी बैठकें बेहद अहम होंगी। यदि केंद्रीय नेतृत्व स्पष्ट दिशा देता है तो कर्नाटक कांग्रेस फिर से शासन और विकास के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित कर सकेगी, जो पार्टी की 2026 की व्यापक राजनीतिक रणनीति के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। फिलहाल, कर्नाटक कांग्रेस में दोनों खेमे हाईकमान के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और पूरे राज्य की निगाहें दिल्ली पर टिकी हुई है।

# पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में 80 नए चेहरों को टिकट देने के बयान मची हलचल

### – राजा वड़िंग के बयान के बाद पार्टी के युवा नेता खुलकर समर्थन में आए



लुधियाना (एजेंसी)। पंजाब कांग्रेस में चल रही गुटबाजी के बीच प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने बड़ा राजनीतिक दांव चलते हुए पार्टी में नई बहस छेड़ दी है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर 80 नए चेहरों को टिकट देने के उनके बयान ने जहां युवा और महिला नेताओं में नई उम्मीद जगाई है, वहीं पार्टी के कई दिग्गज नेताओं की बेचैनी बढ़ा दी है। राजा वड़िंग के बयान के बाद पार्टी के युवा नेता खुलकर उनके समर्थन में सामने आ गए हैं। युवाओं का मानना है कि कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। सोशल मीडिया पर भी राजा वड़िंग के समर्थन में लगातार पोस्ट सामने आ रही हैं, जहां इस पहल को राहुल गांधी की सोच से जोड़कर देखा जा रहा है।

पंजाब यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहित मोहिंद्रा ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा युवाओं को राजनीति में अवसर देने की बात करते रहे हैं और अब राजा वड़िंग ने उसी सोच को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कई युवा इस वजह से राजनीति से दूरी बनाए हुए थे कि उन्हें कभी मौका नहीं मिलेगा, लेकिन इस तरह के फैसलों से युवाओं का भरोसा बढ़ेगा। मोहिंद्रा ने कहा कि जब युवा राजनीति में आएंगे और उन्हें विधायक बनने का अवसर मिलेगा, तो पंजाब की राजनीति नए विचारों और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी।

पंजाब महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुरशरण कौर रंधावा ने कहा कि पार्टी में कई पढ़ी-लिखी और मेहनती महिलाएं हैं, जिन्हें अब तक पर्याप्त अवसर नहीं मिला है। राजा वड़िंग के बयान से महिलाओं में भी उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं योग्य होंगी, उनके लिए महिला कांग्रेस टिकट की मांग करेगी।

राजा वड़िंग के बयान के बाद कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं में असंतोष देखा जा रहा है। पार्टी के भीतर यह चर्चा तेज है कि कहीं यह बयान राहुल गांधी के इशारे पर तो नहीं दिया गया। हालांकि कई सीनियर नेता इस फैसले से सहमत नहीं हैं। पंजाब विधानसभा की कुल 117 सीटों में से यदि 80 सीटें नए चेहरों को दी जाती हैं, तो पुराने नेताओं के लिए केवल 37 सीटें ही बचेंगी। इनमें कांग्रेस के 15 मौजूदा विधायक शामिल हैं। इसके अलावा सांसद राजा वड़िंग, चरणजीत सिंह चन्नी और सुखजिंदर सिंह रंधावा भी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। कुल मिलाकर, राजा वड़िंग का यह बयान पंजाब कांग्रेस में नई सियासी हलचल का कारण बन गया है, जिसका असर आने वाले दिनों में पार्टी की अंदरूनी राजनीति पर साफ नजर आ सकता है।

# एसआईआर को लेकर सीएम ममता बनर्जी सुप्रीम कोर्ट में खुद करेंगी पैरवी!

### बोलीं-प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और मनमानी से कई लोगों की हो चुकी है मौत



कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि राज्य में एसआईआर के कारण लोगों को हो रही परेशानी के खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती हैं, क्योंकि उन्होंने विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग के साथ अपना टकराव और तेज कर दिया है। ममता ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम कानूनी सहायता ले रहे हैं। बहुत से लोग मारे गए हैं। लोगों को परेशान किया जा रहा है। कल जब अदालतें खुलेंगी, तो हम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे। जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट में खुद पैरवी करने की अनुमति मांगूंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हम एसआईआर के कारण हुए अमानवीय व्यवहार और इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत के खिलाफ अदालत में याचिका दायर करेंगे। यदि अनुमति मिली तो मैं भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर एक आम नागरिक के रूप में इस अमानवीय प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाऊंगी। मैं एक प्रशिक्षित वकील भी हूं। हालांकि, बनर्जी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि याचिका वह दायर करेंगी।

ममता ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को मनमाने ढंग से हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। उन्होंने दावा किया कि गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्गों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया जा रहा कि वे वैध मतदाता हैं। सीएम ने सवाल किया कि अगर कोई बीजेपी नेताओं के बूढ़े माता-पिता को पहचान साबित करने के लिए लाइन में खड़ा कर दे तो उन्हें कैसा लगेगा? जब से एसआईआर शुरू हुआ है, डर से कई लोगों की मौत हो चुकी है। बनर्जी ने बीजेपी शासित राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासी श्रमिकों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया।

# भारत-बांग्लादेश सीमा की सुरक्षा मजबूतः 75 प्रतिशत हिस्से में लगी नई डिजाइन वाली अभेद्य बाड़

नई दिल्ली (एजेंसी)। पड़ोसी देश बांग्लादेश में व्याप्त अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को चरम स्तर पर पहुंचा दिया गया है। विशेष रूप से सामरिक रूप से अत्यंत संवेदनशील चिकन नेक यानी सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने बड़े पैमाने पर कदम उठाए हैं। इस रणनीतिक गलियारे के लगभग 75 प्रतिशत इलाके में अब नई डिजाइन की सीमा बाड़ स्थापित कर दी गई है, जो घुसपैठ और तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

करीब 12 फीट ऊंची यह विशेष बाड़ तकनीक और मजबूती का बेजोड़ संगम है। इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे काटना या पार करना लगभग नामुमकिन है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, पुरानी बाड़ के मुकाबले इसे क्षति पहुँचाने में कई मिनटों का समय लगता है, जिससे सुरक्षा बलों को त्वरित प्रतिक्रिया देने का पर्याप्त समय मिल जाता है। चिकन नेक क्षेत्र भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संकरा गलियारा शेष भारत को उत्तर-पूर्वी राज्यों से जोड़ता है। इसकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक पूरे पूर्वोत्तर की कनेक्टिविटी को प्रभावित कर सकती है, यही कारण है कि यहाँ तकनीक और मानव संसाधन दोनों का समन्वय कर एक स्मार्ट बॉर्डर विकसित की जा रही है।

फिजिकल फेंसिंग के अलावा, सीमा की निगरानी के लिए अत्याधुनिक पैन-टिल्ट-जूम कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे दिन और रात के समय रीयल-टाइम लाइव फीड प्रदान करते हैं, जिससे नियंत्रण कक्ष में बैठे अधिकारी हर छोटी हलचल पर नजर रख पाते हैं। साथ ही, एरिया डोमिनेशन प्लान के तहत सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। अब सुरक्षा दल न केवल सीमा रेखा पर तैनात रहते हैं, बल्कि तस्करी की कड़ियों को तोड़ने के लिए भारतीय क्षेत्र के भीतर कई किलोमीटर तक छापेमारी कर रहे हैं। विशेष रूप से मवेशी तस्करी के उन अड्डों को निशाना बनाया जा रहा है, जहाँ सीमा पार ले जाने से पहले सामान इकट्ठा किया जाता है।

सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक स्तर पर भी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। सुरक्षा बल अब संदिग्ध तस्करों और बिचौलियों के परिवारों के पास जाकर उन्हें अवैध गतिविधियों के कानूनी और सामाजिक परिणामों के बारे में शिक्षित कर रहे हैं। इस जन-भागीदारी और विश्वास-निर्माण के उपायों का परिणाम यह हुआ है कि पिछले एक वर्ष में मवेशी और मानव तस्करी की घटनाओं में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन बांग्लादेशी नागरिकों को, जो अनजाने में सीमा पार कर आए थे, पूरी जांच और फिंगरप्रिंट रिकॉर्डिंग के बाद फ्लैग मीटिंग के जरिए वापस उनके देश के सीमा प्रहरियों को सौंपा गया है।



आंकड़ों की बात करें तो जनवरी 2025 से अब तक सीमा पर चलाए गए अभियानों में लगभग 8.5 करोड़ रुपये मूल्य के मवेशी, सोना, चांदी, वन्यजीव उत्पाद और हथियार जब्त किए गए हैं। इस अवधि में कुल 440 बांग्लादेशी और 152 भारतीय नागरिकों सहित कई अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों का स्पष्ट संदेश है कि आने वाले समय में बाड़ के दायरे को शत-प्रतिशत तक ले जाया जाएगा और तकनीकी निगरानी को और अधिक सशक्त किया जाएगा, ताकि देश की इस लाइफलाइन की सुरक्षा में कोई सेंध न लगा सके।

# भीलवाड़ा में स्पा सेंटर पर पुलिस की दबिश से मचा हड़कंप, जिस्म फरोशी का भंडाफोड़

## थाईलैंड, दिल्ली और उदयपुर की पांच युवतियां और स्पा सेंटर संचालक सहित चार युवक गिरफ्तार







स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर में इन दिनों स्पा सेंटर का व्यापार काफी फल फूल रहा है इसकी आड़ में कई जगह जिस्मफरोशी का धंधा चलाया जा रहा है। पूर्व में भी भीलवाड़ा पुलिस ने अलग अलग क्षेत्रों में स्पा सेंटर्स पर शिकंजा कसते हुए देह व्यापार में लिप्त कई युवक और बाहर से आई हुई युवतियों को पकड़ा यहां तक कि शहर में संचालित कई स्पा सेंटर्स से नाबालिग लड़कियों को भी दस्तयाब किया अब ताजा मामला मंगलवार देर रात सामने आया है। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में मानसरोवर झील के पास स्थित मानसरोवर ब्यूटी सेलून एंड स्पा सेंटर पर पुलिस ने रेड डाली। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की यहां स्पा सर्विस की आड़ में जिस्मफरोशी का धंधा किया जा रहा है। पुलिस ने मामले से पर्दा उठाने के लिए झाल बिछाया और कांस्टेबल को बोगस ग्राहक बनाकर स्पा सेंटर में भेजा। सेंटर में बोगस ग्राहक बनकर गए कांस्टेबल से बाहर काउंटर पर 500 रु लिए अंदर लड़की ने 1500 रु सर्विस देने के नाम पर लिए। संकेत मिलने के बाद पुलिस ने महिला टीम के साथ दबिश दी और वहां से पांच युवतियों और चार युवकों को गिरफ्तार कर पीटा एक्ट में मामला दर्ज किया। पकड़ी गई युवतियों में एक थाईलैंड की, तीन दिल्ली और एक उदयपुर की है सभी आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया। सभी आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। इस कार्यवाही के बाद शहर में संचालित अन्य स्पा सेंटर संचालको में हड़कंप मच गया। यह कार्यवाही एसपी धर्मेंद्र सिंह के आदेश पर एएसपी पारस जैन के निर्देशन और सीओ सिटी सज्जन सिंह, सदर वृताधिकारी माधव उपाध्याय के सुपरविजन में की गई जिसका नेतृत्व प्रतापनगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने किया। कार्यवाही में निर्भया स्क्वायड और महिला टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्पा सेंटर्स की आड़ में जिस्म परोसना आम बात हो चुका है। पहले स्पा सर्विस के नाम पर 500 रु लिए जाते है फिर युवतियों द्वारा फुल सर्विस देने के नाम पर 1500 से 3000 रु तक वसूले जाते है।

### इन्हे किया गिरफ्तार

स्पा सेंटर संचालक रामरतन पुत्र छोटू लाल कुमावत उम्र 22 साल निवासी बापूनगर भीलवाडा, होटल कर्मचारी और ग्राहक पराग पुत्र प्रमोद कुमार चतुर्वेदी उम्र 33 साल निवासी कुम्भा सर्किल के पास थाना प्रतापनगर भीलवाडा, कैलाश जाट पुत्र भैरुलाल उम्र 27 साल निवासी दांथल थाना सदर जिला भीलवाडा, हेल्पर जगदीश पुत्र राधेश्याम प्रजापति उम्र 27 साल निवासी साखतली तहसील सीतामउ थाना सीतामउ जिला मंदसौर एम.पी. को गिरफ्तार किया।

### ये रहे टीम में मौजूद

माधव उपाध्याय आईपीएस वृताधिकारी, वृत सदर भीलवाडा, सज्जन सिंह वृताधिकारी पुलिस वृत शहर भीलवाडा, राजपाल सिंह पु.नि. थानाधिकारी, थाना प्रतापनगर भीलवाडा, पुष्पा कासौटिया थानाधिकारी थाना गांधीनगर भीलवाडा, चिराग अली सउनि थाना प्रतापनगर, हैड कॉन्स्टेबल सुनिल कुमार, उषाराम हैड कॉन्स्टेबल, रवीन्द्र, केसाराम, जयवीर, सुशीला महिला कांस्टेबल, सुमन कालिका पेट्रोलिंग यूनिट प्रतापनगर, राजकुमार, एचसी सचिन्द्र मोहन कार्यालय वृत शहर भीलवाडा, विक्रम सिंह, विश्वराज, भानु प्रताप सिंह शामिल थे।

# पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर मामले में हाईकोर्ट का बड़ा हस्तक्षेप

## अधीनस्थ न्यायालय के आदेश पर लगाई रोक

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



राजस्थान हाई कोर्ट, जोधपुर की एकल पीठ पर माननीय न्यायाधीश जस्टिस फ़रज़न्द अली ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने और जांच नहीं कराने के अधीनस्थ न्यायालय के आदेश पर स्थगन लगा दिया है। हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्टया यह मानते हुए कि मामले में मुकदमा दर्ज करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं, राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। यह मामला मांडल निवासी ज़ाहिद हुसैन अंसारी के कथित अपहरण और मारपीट से जुड़ा है, जिसमें उस समय मांडल पुलिस थाने में तैनात कई पुलिसकर्मियों की संलिप्तता बताई गई है। पीड़ित ज़ाहिद हुसैन द्वारा पहले पुलिस थाने में इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दी गई थी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके बाद ज़ाहिद हुसैन ने न्यायालय में इस्तगासा दायर कर मुकदमा दर्ज कर जांच कराने की मांग की, लेकिन अधीनस्थ न्यायालय ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और जांच के आदेश देने से इनकार कर दिया था। अधीनस्थ न्यायालय के इस आदेश को ज़ाहिद हुसैन अंसारी ने अपने अधिवक्ता पंकज चौधरी के माध्यम से क्रिमिनल रिट याचिका के जरिए राजस्थान हाई कोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट में हुई प्रारंभिक सुनवाई के दौरान न्यायालय ने अधीनस्थ न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार से जवाब पेश करने के निर्देश दिए। इस आदेश के बाद पुलिसकर्मियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं और मामले को लेकर न्यायिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

# अवैध बजरी का ट्रेक्टर जप्त

स्मार्ट हलचल|करेडा



अवैध बजरी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत करेडा पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते एक ट्रेक्टर को जप्त किया वहीं मौके से ड्राइवर फरार हो गया। थानाधिकारी मुन्नी राम चोयल ने बताया कि क्षेत्र मे अवैध बजरी के खिलाफ अलग अलग टीमें बना रखी है जिसके अन्तर्गत एक टीम ने जगदीश भगवान गावं के समीप अवैध बजरी परिवहन करते हुए एक ट्रेक्टर को पकडा जहां पुलिस को देख ड्राइवर मौके से फरार हो गया वहीं बजरी के ट्रेक्टर को जप्त कर पुलिस थाना लाया गया और खनिज विभाग को सूचना दी गई।

# काका के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज




स्मार्ट हलचल| करेड़ा

थाना क्षेत्र की एक महिला ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया।

आसींद सीओ ओमप्रकाश सोलंकी ने बताया क्षेत्र की एक पीड़िता की मां ने रिपोर्ट देकर बताया कि आरोपी नाबालिक बेटी का रिश्ते में काका है वह नाबालिग को खेतों की तरफ ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें की। पिड़िता खेतों की तरफ रोती हुई मिली। पूछताछ करने पर उसने घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन करेड़ा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से संपर्क पोर्टल पर त्वरित सुनवाई

## मनरेगा मजदूर की भुगतान से संबंधी तकनीकी समस्या का हुआ त्वरित समाधान

## परिवादी ने समस्या का समाधान होने पर मुख्यमंत्री का आभार किया व्यक्त

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

राज्य सरकार की मंशानुरूप जिला प्रशासन भीलवाड़ा द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत दांतड़ा, ब्लॉक आसींद, जिला भीलवाड़ा निवासी विष्णु कुमार वैष्णव द्वारा मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर मनरेगा कार्य के भुगतान से संबंधित एक शिकायत दर्ज करवाई गई। परिवादी द्वारा शिकायत में उल्लेख किया गया कि मनरेगा अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के उपरांत भी संबंधित मस्टर रोल फीड नहीं हो पा रहे हैं, जिससे मजदूरी भुगतान में विलंब हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर को परिवादी की समस्या का तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। निर्देशों के अनुरूप प्रकरण की त्वरित जांच की गई, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि नरेगा सॉफ्ट पर अर्द्धकुशल व कुशल श्रमिकों की मस्टर रोल नहीं खुल रही है जिससे कि मस्टररोल फीड न हो पाने के कारण तकनीकी समस्या थी। प्रशासन द्वारा परिवादी को संपूर्ण स्थिति से अवगत कराते हुए तकनीकी कारणों को लाइव सिस्टम के माध्यम से समझाया गया, जिससे परिवादी को पूरी प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझ में आई एवं परिवादी का बुधवार को एमआईएस फीडिंग कर एफटीओ जनरेट कर भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई। पारदर्शी कार्यवाही एवं समुचित समाधानके पश्चात परिवादी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। परिवादी विष्णु कुमार वैष्णव ने मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर समयबद्ध कार्यवाही होने व समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिए जाने पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया तथा पोर्टल पर अपनी संतुष्टि दर्ज करवाई।

# हाईकोर्ट ने राशन डीलर ओम प्रकाश की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

स्मार्ट हलचल| शाहपुरा



खामोर निवासी राशन डीलर ओमप्रकाश वैष्णव की गिरफ्तारी पर राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर ने रोक लगा दी है। राशन डीलर वैष्णव के खिलाफ जिला रसद अधिकारी कार्यालय, भीलवाड़ा की प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. मीनाक्षी मीणा ने फुलिया कलां थाने में 16 दिसंबर को मामला दर्ज कराया था।

इसमें बताया कि 29 अक्टूबर को राशन की दुकान में जांच करने पहुंचा जांच दल से अभद्रता, धक्का मुक्की, गाली गलौज और सरकारी कागजात फाड़ने का आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज कराया था। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई तक वैष्णव की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश कुलदीप माथुर ने राज्य सरकार को पक्षकार मानते हुए जिला रसद अधिकारी कार्यालय,भीलवाड़ा की प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. मीनाक्षी मीणा को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता को जांच में पूर्ण सहयोग करना होगा और 28 जनवरी को सुबह 11:30 बजे जांच अधिकारी के सामने आवश्यक दस्तावेज पेश करने होंगे। अगली सुनवाई 9 फरवरी को होगी। हाईकोर्ट के आदेश से ओमप्रकाश वैष्णव को फिलहाल गिरफ्तारी से राहत मिली है।

# इनोवा कार और ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, ट्रैक्टर के दो टुकड़े

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** भीलवाड़ा व कोटड़ी रोड पर कोदुकोटा के पास बुधवार देर रात को एक इनोवा कार और ट्रैक्टर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए, हादसे की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दीवान मुकेश कुमार ने बताया कि कोदूकोटा के पास इनोवा कार व ट्रैक्टर में टक्कर हो गई, घायलों की जानकारी ली जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# एसपी के पास सुरक्षा की गुहार लेकर पहुंची युवती का दिनदहाड़े अपहरण

## पुलिस अधिकारी पर स्कॉर्पियो चढ़ाने का प्रयास मचा हड़कंप, युवती को किया बरामद

स्मार्ट हलचल |पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** शहर के अति सुरक्षित वीवीआईपी इलाके (कलेक्टर क्षेत्र) में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब अपनी सुरक्षा की गुहार लगाने आई एक युवती को उसके परिजन दिनदहाड़े अगवा कर ले गए। बदमाशों ने रोकने की कोशिश कर रहे पुलिस अधिकारी पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और उन्हें धकेलते हुए फरार हो गए। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, कोटड़ी थाना क्षेत्र के करेड़ ग्राम निवासी संगीता कुमारी जाट, लख़मनियास निवासी भोलू राम जाट के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का शपथ पत्र लेकर पुलिस अधीक्षक (स्क्) कार्यालय पहुंची थी। युवती अपने साथी के साथ इस शपथ पत्र को पुलिस को सौंपकर सुरक्षा की मांग करने वाली थी। इसी दौरान युवती के परिजनों को इसकी भनक लग गई और वे एक काली स्कॉर्पियो लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के पास धमक पड़े।

### एएसआई को बोनट से धकेला, मोबाइल टूटा

परिजनों ने युवती को जबरन स्कॉर्पियो में बिठा लिया और भागने लगे। मौके पर मौजूद विशेष शाखा (ष्ठस्•) के सहायक उप निरीक्षक (ऽस्ढ़) प्रताप सिंह ने अदम्य साहस दिखाते हुए चलती गाड़ी के आगे खड़े होकर उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन अपहरणकर्ताओं के हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी और पुलिस अधिकारी को धकेलते हुए आगे बढ़ गए। इस दौरान प्रताप सिंह का मोबाइल सड़क पर गिरकर चकनाचूर हो गया और वे बाल-बाल बचे। दो वकीलों ने भी गाड़ी रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी उन्हें चकमा देकर निकल गए।

### वीडियो वायरलः कैमरे में कैद हुआ खौफनाक मंजर

इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे स्कॉर्पियो चालक पुलिसकर्मी को धकेलते हुए गाड़ी भगा रहा है। रास्ते में उन्होंने एक बाइक सवार सूरज को भी कुचलने की कोशिश की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

जिस इलाके में यह वारदात हुई, वह शहर का सबसे संवेदनशील और सुरक्षित जोन माना जाता है। यह चप्पे पर पुलिस का पहरा और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहती है। ऐसे में बदमाशों द्वारा पुलिस अधिकारी पर जानलेवा हमला कर युवती को उठा ले जाना शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इलाके में इस घटना के बाद से ही दहशत का माहौल है और आमजन में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर गहरा रोष व्याप्त है।

### पुलिस की बड़ी कामयाबीः युवती बरामद

अधिकारियों के आवास के पास हुई इस वारदात ने पुलिस प्रशासन को हिला कर रख दिया। घटना के तुरंत बाद जिले भर में नाकाबंदी कराई गई। ताजा जानकारी के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को बरामद कर लिया है।

# लूट के मामले में 13 साल से फरार ईनामी बदमाश गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | भीलवाडा

भीलवाड़ा डी.एस.टी. और आसीन्द थाना ईनामी अपराधी को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी लूट के मामले में पिछले 13 साल से फरार था जिस पर 5000 रूपये का इनामी घोषित किया हुआ था। डी.एस.टी. ने लगातार पीछा कर आरोपी को डिटेन किया। कार्यवाही में डीएसटी भीलवाडा के कांस्टेबल केशव मुख्य भूमिका रही। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा ईनामी एवं वांछित अपराधियों की धर पकड के लिए एएसपी पारसमल जैन व बुद्धराज खटीक अति. पुलिस अधीक्षक सहाडा के निर्देशन में, वृताधिकारी आसींद ओमप्रकाश सोलंकी के सुपरविजन और आसींद थानाप्रभारी श्रद्धा पचौरी के कुशल नेतृत्व में टीम गठित की गई।

प्रार्थी रघुनाथ पिता पोखर बलाई निवासी सुलवाडा थाना आसीन्द ने आसीन्द थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि प्रार्थी के रात को किसी काम से वापस अपने घर जा रहा था इस दरमियान एक बोलेरो गाडी में आये तीन चार व्यक्ति ने रास्ता पूछने के बहाने सोने का मांदलिया एक मोबाईल व सात हजार रूपये की लूट कर ली। चोरी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

### पहले एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

मामले में घटना कारित करने वाले आरोपियों में से एक आरोपी भरतलाल पिता कानाराम मीणा निवासी ठिकरिया मीणा थाना चाकसू को गिरफ्तार किया गया और घटना में प्रयुक्त वाहन बोलेरो को जब्त किया जा चुका था। घटना में संलिप्त अन्य आरोपीगणों की तलाश हेतु टीम गठित की गई।

### गठित टीम द्वारा किया गया प्रयास

आरोपी सांवलराम मीणा पिता सोनारायण उर्फ सोनाराम निवासी समेल थाना झांपदा जिला दौसा शातिर प्रवृति का होने से व अभियुक्त के विरूद्ध पूर्व में भी चोरी व नकबजनी की वारदातों के प्रकरण पंजीबद्ध होने से आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि से था और अपना स्थाई ठिकाना नहीं बना रखा था। तथा अलग अलग जगहों पर फरारी काटता रहता था। गठित टीम ने वांछित 5,000 रूपये के उक्त ईनामी अभियुक्त सांवलराम मीणा पिता सोनारायण उर्फ सोनाराम निवासी समेल थाना झांपदा जिला दौसा की अनवरत मुखबिर से सूचना लेकर तलाश कर पीछा किया। घटना कारित करने के बाद से अलग अलग जगह रहकर फरारी काट रहे ईनामी आरोपी को गठित टीम द्वारा डिटेन किया गया और आसींद थाने लेकर आए।

आरोपी 5000 रूपये का ईनामी अपराधी है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

### टीम के सदस्य

आसींद थाना अधिकारी श्रद्धा पचैरी, एचसी प्रताप राम प्रभारी डीएसटी, कांस्टेबल सुरेन्द्र डीएसटी, केशव डीएसटी भीलवाडा (विशेष योगदान), हरकेश, रविन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार थाना आसीन्द, महेन्द्र सिंह शामिल थे।

# कपड़ा फेक्ट्री में दो श्रमिको की मौत से गरमाया माहौल मचा बवाल

## आक्रोशित लोग मुआवजे की मांग को लेकर मोर्चरी के बाहर बैठे धरना प्रदर्शन पर

## बॉयलर की जहरीली गैस या करंट से मौत होने की आशंका, फेक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का लगाया आरोप

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा/ मांडल





थाना क्षेत्र की रायसिंहपुरा स्थित सीताराम डेनिम कपड़ा फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री के बॉयलर क्षेत्र में काम कर रहे दो श्रमिकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ड्यूटी के दौरान दोनों श्रमिक 25 वर्षीय गजानंद गाडरी पिता राम चन्द्र जिंद्रास आसींद और कमलेश गुर्जर 24 जीवराज गुर्जर नानोडिया एक साथ अचेत अवस्था में मिले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को अचेत अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। हालांकि प्रथम दृष्टया बॉयलर से निकली जहरीली गैस या करंट को हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना देकर शवों को मोर्चरी में रखवाया। एक साथ दो श्रमिकों की मौत की खबर फैलते ही क्षेत्र में लोगों का जमावड़ा लग गया। फैक्ट्री में श्रमिकों की मौत से स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस और पुलिस वाहनों को भी रोकने का प्रयास किया और मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

मौके पर स्थानीय विधायक से बातचीत के बाद स्थिति एक बारगीय तो शांत हो गई और शवों को जिला अस्पताल की मोर्चरी में ले जाने दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फैक्ट्री प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की जांच शुरू की। लेकिन कुछ देर बाद फिर इस घटना को लेकर बवाल मच गया और लोगो में गुस्सा फूट पड़ा। भीलवाड़ा जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर आक्रोशित लोगो की भीड़ जमा हो गई। गाडरी और गुर्जर समाज के लोग धरने पर बैठ गए और फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्पष्ट जांच, कार्यवाही और उचित मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए और मृतकों का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पांच थानों का जाब्ता मौके पर पहुंचा स्थानीय मांडल विधायक उदय लाल के साथ कई जनप्रतिनिधि और नेता भी मौके पर ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठ गए और पुलिस अधिकारियों द्वारा समझाइश के प्रयास किए गए ताकि मामला शांत हो सके।

# व्यवस्था पर आक्रोशः मुख्यमंत्री से लेकर कलेक्टर तक लगाई गुहार, शासन प्रशासन का ध्यान नहीं

## डीएमएफटी योजना में स्वीकृति के बावजूद नहीं बदली नेवरिया से जवासिया खेड़ा तक मार्ग की किस्मत जनता परेशान

स्मार्ट हलचल|गुरला

चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन विधानसभा क्षेत्र के राशमी उपखंड के नेवरिया जो चित्तौड़गढ़ जिले में है वहां से भीलवाड़ा जिले को जोड़ने वाली सड़क नेवरिया से जवासिया खेड़ा तक लगभग 2.5 किलोमीटर की कच्ची सड़क के कारण क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क का डामरीकरण नहीं होने से आमजन, मजदूरों, विद्यार्थियों और' मरीजों को रोजाना कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है।



भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ दोनों जिलो की संपर्क सड़क

उल्लेखनीय है कि यह सड़क दो जिलों को जोड़ने के साथ-साथ विधानसभा सीधे जोड़ने का मार्ग है। प्रतिदिन सैकड़ो लोग व मजदूर इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। उक्त सड़क को डीएमएफटी योजना की गवर्निंग काउंसिल की बैठक सहित पूर्व की कई बैठकों में सम्मिलित कर अनुमोदन कर दिया। वित्तीय स्वीकृति भी जारी हो गई।

### शासन प्रशासन मीडिया में भी जानकारी होते हुए भी कार्य पर ध्यान नहीं

इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि बीते 15 वर्षो से लगातार सड़क डामरीकरण की मांग कर रहे हैं। इस दौरान चुनावी सभा में विधायक जीनगर, सांसद सीपी जोशी इस सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पुरा करने की बात कही साथ ही सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी चित्तौड़गढ़, मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी जयपुर, कलक्टर मुख्यमंत्री को पत्राचार किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 181 हेल्पलाइन,की मासिक जनसुनवाई, जनसंपर्क पोर्टल, सीएम पोर्टल एवं प्रधानमंत्री सड़क एप पर भी कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई, कई बार समाचार पत्र की हेडलाइन बनी के बावजूद इसके आज तक सड़क का डामरीकरण नहीं हो पाया है।

### रोड कार्य आदेश का विवरण

कार्य का नाम - BT Road Neveriya to Jawasiya (DMFT-scheme) स्वी राशिः-70-00 लाख, कार्यर्यादेश राशि 6340982-00/ कार्य प्रा. दि. 13/10/2023 रखी गई संवेदक का नाम श्री साँवलिया एन्टरप्राइजेज कांटी (गंगरार)- व कार्यकारी ऐजेन्सीः- सार्वजनिक निर्माण विभाग इखण्ड चित्तौडगढ़ (राज.)

### विद्यार्थियों और मरीजों को समस्या से परेशान

बरसात के मौसम में हालात और गंभीर हो जाते हैं। उदयपुर के लिए,मरीज व 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचत पाते। आसपास के विधार्थी को परेशानी उठानी पड़ती है।

### क्षेत्रवासियों की मांग

क्षेत्रवासियों ने डीएमएफटी योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुई सड़क निर्माण यदि वर्तमान संवेदक कार्य नहीं कर रहा है तो उसे विड्रॉल कर दुसरे संवेदक को कार्य देकर शीघ्र सड़क का डामरीकरण कराने की मांग की है।

▸ नेवरिया से जवासिया खेड़ा तक सड़क निर्माण डीएमएफटी योजना में स्वीकृत है संवेदक द्वारा सड़क निर्माण नहीं करने पर इसे विड्रॉल कर नये संवेदक को कार्य देकर सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा।

**नवीन अग्रवाल, पीडब्ल्यूडी विभाग चित्तौड़गढ़**

# नाले में गिरकर हो रही गौवंश की मौतों को लेकर गौ सेवकों का विरोध

## यूआईटी में किया प्रदर्शन, सचिव को सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाडा शहर में खुले और क्षतिग्रस्त नाले गौ वंशो की अकाल मौत का कारण बन रहे हैं। इसी का आरोप लगाते हुए भीलवाड़ा की श्रीराम गौ सेवा समिति के बैनर तले गौ भक्तों ने बुधवार को नगर विकास न्यास कार्यलय में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने यू आई टी सचिव को ज्ञापन दिया। वहीं उन्होंने चेतावनी दी की यदि जल्द मांगो पर गौर नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। श्रीराम गौ सेवा समिति के राम लखन ने कहा कि भीलवाड़ा शहर में हर जगह गौ माता हादसों का शिकार हो रहीं हैं इसके लिए पहले भी हमनें जिला कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत करवाया था। जिसको लेकर उन्होंने यूआईटी सचिव को निर्देश दिए थे। लेकिन अब तक हमारी मांगो पर गौर नही किया हैं। ऐसे में बुधवार को हमने यूआईटी पहुँच कर यूआईटी सचिव को समस्याओ से अवगत करवाया कि शहर के देवरिया बालाजी के पास खुले नाले में आए दिन नंदी महराज गौ माता गिर जाते हैं, जिससे उनकी गर्दन टूट जाती है मृत्यु भी हो जाती है या घायल होने पर उनको निकालना बहुत ही जोखिम भरा काम होता है तो वहाँ 4-5 फिट मोटी दीवार बन जाए। महीने में लगभग 10-12 गौवंश नाली मे गिर जाता है। अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो हम उग्र आंदोलन करेंगे।

# भीलो का खेडा गांव को निम्बाहेडा कला पंचायत में रखने और वार्ड पुनर्गठन की मांग को लेकर प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल हाल ही मे पंचायतों का वार्डो का गठन किया गया था। जिसमें देवा का खेडा (भीलो का खेडा) गांव को दो टुकडो मे बांट दिया गया है। जिसमें देवा का खेडा निम्बाहेडाकला ग्राम पंचायत में तथा भीलो का खेडा को (लैटियास) पंचायत मे शामिल कर लिया गया है।ग्रामीणों ने उपखण्ड अघिकारी को ज्ञापन देकर भीलो का खेडा गांव को निम्बाहेडाकला पंचायत मे रखते हुए वार्ड का पुनर्गठन करवाने की मांग प्रशासन से की है।

ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखण्ड कार्यालय पहुंच कर के उपखण्ड अधिकारी के नाम सोपे अपने ज्ञापन में बताया कि निम्बाहेडाकला पंचायत के देवा का खेडा का वार्ड गठन हुआ है। जिसमें भीलो का खेडा गांव को नवगठित लोटियास ग्राम पंचायत के वार्ड नं 3 मे धामणिया के साथ मजरा कालू/ हजारी भील के मकान से भगवती /ज्वारा भील के मकान के सभी लोग (मतदाता) देवा का खेडा गांव के है। जिन्हें वार्ड न 1 देवा का खेडा ( निम्बाहेडाकला) मे ही रखने की मांग कि है।ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी से भीलों का खेड़ा को वार्ड न 3नवगठित लोटियास ग्राम पंचायत के बजाय वार्ड न 1 निम्बाहेडाकला ग्राम मे ही रखने की मांग कि है। ज्ञापन देने वालों में शिव लाल भील रामलाल भील प्रवीण कुमार किशन लाल जगदीश शंकर लाल राधेश्याम हरिलाल नारायण लाल राधेश्याम गुर्जर रामकुमार दुर्गा लाल ईश्वर लाल सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# नजर हटी, दुर्घटना घटी .... वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना और जानकारी बहुत आवश्यकः टेलर

## जागरूकता हमें दूसरों के प्रति जिम्मेदार बनाती है और अनुशासित समाज का निर्माण करती है - राठी

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



सड़क सुरक्षा माह को लेकर जागरूकता व यातायात नियमों और सुरक्षा उपायों के बारे में विद्यालयी छात्र छात्राओं को जानकारी के लिए राजस्थान पत्रकार परिषद द्वारा पांच दिवसीय आयोजन के पहले दिन राजेंद्र मार्ग विद्यालय में आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने सभी आंगतुक अतिथियों का ओपरणा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए परिवहन विभाग के लवलीश टेलर ने कहा वाहनों के संचालन के तहत यातायात नियमों की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। जिसमें हेलमेट/सीटबेल्ट पहनना, गति सीमा का पालन करना, शराब पीकर गाड़ी ना चलाना और पैदल चलते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करना शामिल है। इससे सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और किसी की जान बचाई जा सकती है। टेलर ने कहा कि जागरूकता के अभाव में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। वहीं जागरूकता से यह संख्या कम हो सकती है। वहीं यह हमें दूसरों के प्रति जिम्मेदार बनाती है और अनुशासित समाज का निर्माण करती है। टेलर ने कहा की दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा उच्च क्वालिटी वाला हेलमेट पहनें और कार ड्राइव करते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएं। गाड़ी चलाते समय या सड़क पार करते हुए फोन का इस्तेमाल कभी ना करें। तेज गति भी दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा मुख्य कारण है। इसलिए एक समिति गति में रहें, वाहन चलाएं। नशे में वाहन कभी ना चलाएं। इससे वाहन चलाने से निर्णय लेने की क्षमता कम हो जाती है। एसडीएमसी संयोजक व विधायक प्रतिनिधि संजय राठी ने संबोधन के दौरान छात्रों को कहा की वाहन चलाते समय ट्रैफिक संकेतों का पालन आवश्यक है। लाल बत्ती, स्टॉप साइन और अन्य संकेतों का पालन जरूर करें। पैदल चलते समय हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करें और दोनों तरफ देखकर चलें। वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें और जल्दबाजी में वाहन चलाने से बचें। साथ ही सुनिश्चित करें कि आपकी गाड़ी अच्छी स्थिति में हो जिसमें टायर, लाइट, ब्रेक सही हो। बच्चों को आगे की सीट पर ना बैठाए, उनके लिए बाल सुरक्षा सीटों का उपयोग करें। इसके साथ ही अनावश्यक हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदुषण से बचें इससे दूसरों का ध्यान भी भंग होता है। जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने कहा की सड़क सुरक्षा सिर्फ नियम नहीं, बल्कि एक आदत है जो जीवन बचाती है, इसलिए 'सड़क सुरक्षा, जिम्मेदारी हमारी' इस मंत्र को हमेशा अपनाएं। जीनगर ने छात्रों से विशेष अपील करते हुए कहा की नाबालिग छात्र छात्राएं दुपहिया चौपहिया वाहनों को ना चलाएं। इससे वो भारी भरकर जुर्माने से तो बचेंगे ही बडी दुर्घटना से भी बचेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की उपाचार्य अंकिता उपाध्याय, परिषद के बालगोविंद व्यास, देवेन्द्र सिंह नाथावत, राजकुमार गोयल, सुनीता शर्मा मौजूद रही, जबकी संचालन भागचंद जैन ने किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, मोड़ का निंबाहेड़ा टीम बनी विजेता



स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** आसींद क्षेत्र के करजालिया गांव में चल रहे पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। जिसमें मोड़ का निंबाड़ा की टीम विजेता बनी वहीं करजालिया की टीम उपविजेता बनी, पांच दिवसीय आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में 15 गांवों की टीमों के खिलाड़ीयों ने भाग लिया। बुधवार को आयोजित हुए फाइनल मैच में करजालिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में मात्र 66 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। करजालिया टिम के बल्लेबाज राजू वैष्णव ने सर्वाधिक 31 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करते हुए मोड़ का निंबाहेड़ा की टीम ने बिना विकेट गंवाए विजेता का खिताब जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए करजालिया टीम की खराब शुरुआत रही शुरू से ही विकेट गिरते गए और हार का सामना करना पड़ा।

आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के बेस्ट बोलर का खिताब रवि गुर्जर को मिला, वह बेस्ट प्लेयर का खिताब श्याम सिंह आमेसर को मिला। मोड़ का निंबाड़ा के बेस्ट बोलर रवि गुर्जर ने फाइनल मैच में चार विकेट लिए वह कय्यूम मोहम्मद ने तीन विकेट लिए। मोड़ का निंबाहेड़ा टीम के ओपनर सुजल गुर्जर व श्याम सिंह ने बिना विकेट कोई मात्र 6 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करते हुए अपनी टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई। इस दौरान विजेता मोड का निंबाहेड़ा टीम को 11 हजार रुपए वह ट्रॉफी भेंट की। प्रतियोगिता के बेस्ट बॉलर रवि गुर्जर रहे एवं क्रिकेट प्रतियोगिता के सबसे बेस्ट मैन का श्याम सिंह आमेसर रहे। उपविजेता टीम में बेस्ट प्लेयर दिलखुश गुर्जर को मिला। इस मौके पर बालूराम गुर्जर, ताराचंद वर्मा, कैलाश वैष्णव, राकेश साहू, रियाज मोहम्मद, हेमंत पारीक, सतीश प्रजापत, गोविंद वैष्णव, मुकेश पाराशर,जयंतीलाल रेगर, सुरेंद्र वर्मा, सुरेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा और आरएसएस पर षड्यंत्र रचने का आरोप

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा

भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा घोषित चरणबद्ध आंदोलन के तहत बुधवार को आंदोलन के पहले चरण में भीलवाड़ा अतिरिक्त जिला कलेक्टर भीलवाड़ा को राष्ट्रपती के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे आरएसएस व भाजपा के लोगो के द्वारा षड़यंत्रतापूर्वक बामसेफ एवं भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन की परमिशन रद्द किए जाने के विरोध में तथा ओबीसी की जाती आधारित जनगणना के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के संदर्भ में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। इस ज्ञापन कार्यक्रम में राधेश्याम ऐरवाल (राष्ट्रीय महासचिव



सोशल मीडिया भारतीय बेरोजगार मोर्चा नई दिल्ली),चंद्रप्रकाश लोहार (जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा भीलवाड़ा),मुबारक हुसैन कायमखानी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षत्रिय मूलनिवासी महासंघ नई दिल्ली),पप्पु कुमार डीडवानिया (जिला अध्यक्ष भारतीय बेरोजगार मोर्चा भीलवाड़ा), राकेश देसाई (राष्ट्रीय संगठन मंत्री राष्ट्रीय वंचित लोकमंच नई दिल्ली), सुरेश घुसर (जिला अध्यक्ष अंबेडकर विचार मंच भीलवाड़ा) आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे ने जकड़ा इलाका, धूप भी रही बेअसर, युवा भी अलाव जला कर बैठे रहे

स्मार्ट हलचल



**गुरला।** कुछ दिनों से जारी ठंड ने बुधवार को और तीखा रूप दिखाया। सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जो करीब 12 बजे तक नहीं छूटा।दृश्यता बेहद कम होने के कारण दिन में भी वाहनों की लाइटें जलाकर चलना पड़ा। सड़कों पर रफ्तार थमी रही, वहीं ग्रामीण व शहरी इलाकों में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित नजर आया। दिनभर आसमान में धूप नहीं निकल सकी। दोपहर के समय कुछ देर के लिए हल्की धूप जरूर खिली, लेकिन शीतलहर की तीखी गलन के आगे उसका असर न के बराबर रहा। ठंडी हवाओं और नमी ने वातावरण में कंपकंपी बनाए रखी, जिससे लोग पूरे दिन ठंड से राहत नहीं पा सके। सर्दी से बचाव के लिए चौपालों, चौराहों, बस स्टैंड और बाजारों में अलाव सुलगते नजर आए। बुजुर्गों के साथ-साथ युवा और कामकाजी लोग भी अलाव के पास जमा दिखे। हाथ सेंकते, गर्म चाय की चुस्कियां लेते और आपसी बातचीत के बीच लोग ठिठुरन से राहत तलाशते रहे। ठंड का असर सबसे ज्यादा सुबह और शाम के समय देखने को मिला।

बच्चे और बुजुर्ग घरों में दुबके रहे, वहीं आवश्यक काम से बाहर निकलने वालों ने मोटे ऊनी कपड़ों, मफलर और टोपी का सहारा लिया। ठंड के चलते बाजारों में भी देर से... चहल-पहल शुरू हुई।वाहन चालकों को कोहरे के कारण अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। धीमी गति से वाहन चलाए गए और हॉर्न व लाइट का अधिक इस्तेमाल हुआ। मौसम की इस बेरुखी ने साफ कर दिया कि सर्दी और कोहरे की दोहरी मार से जनजीवन दिनभर जूझता रहा, और ठंड ने पूरे इलाके की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया।

# कन्हैया लाल बने जिलाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के



निर्देशानुसार कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष भरत मेघवाल एवम् उपाध्यक्ष शिव भगवान गेनोलिया ने एडवोकेट कन्हैया लाल रेगर को कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ का भीलवाडा जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन समाज हित में किए गए कार्यो को देखते हुए किया गया है, इनकी नियुक्ति संगठन के विस्तार और कार्यो को नई गति प्रदान करेगी। भीलवाड़ा में कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ को मजबूती मिलेगी।'' रेगर की नियुक्ति से बार एसोसियेशन भीलवाडा कार्यकारिणी एवं सीनियर अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त कर श्री रेगर का स्वागत किया तथा उप-स्थत कांग्रेसजनो एवम् कार्यकर्ताओ ने गुलदस्ता भैंट कर, माला पहनाकर स्वागत किया।

# आरसी व्यास सेक्टर 8, 9, 10 में विराट हिंदू सम्मेलन 18 को

## तैयारीयों के लिए महिलाओं की बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के आरसी व्यास कॉलोनी सेक्टर 8, 9, 10 की पूरी बस्ती का विशाल और विराट हिंदू सम्मेलन 18 जनवरी रविवार को आयोजित होने जा रहा है। जिसकी तैयारी के लिए क्षेत्र की सभी महिलाओं की एक बैठक का आयोजन शिव मंदिर सेक्टर 8 पर किया गया। महिला संयोजिका पुष्पा डाड ने बताया कि बैठक में यह तय किया की एक भव्य शोभा यात्रा निकल जाएगी जो सेक्टर 8 के शिव मंदिर से शुरू होकर सेक्टर 10 में भ्रमण करते हुए सेक्टर 9 के लक्ष्मी गार्डन पर पहुंचेगी। सेक्टर 9 के लक्ष्मी गार्डन में भव्य हिंदू सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अति वरिष्ठ जन सम्मान समारोह प्रतिभा सम्मान समारोह महिलाओं द्वारा सामूहिक प्रस्तुति एवं बच्चों की मंच पर प्रस्तुति रहेगी। साथ ही संत महात्मा विद्वान और प्रखर वक्ताओं का उद्बोधन रहेगा। सह महिला संयोजिका खुशबू व्यास और सुनीता रावत ने बताया कि महिलाओं ने बैठक में यह निर्णय किया कि सेक्टर 8, 9, 10 का कोई भी परिवार 18 जनवरी 2026 रविवार को घर पर नहीं रहे इसके लिए घर-घर जाकर पत्रक और पीले चावल देकर निमंत्रण देगी। इस क्षेत्र में पहली बार हो रहे हैं हिंदू सम्मेलन को लेकर पूरे क्षेत्र के लोगों में भरपूर उत्साह का वातावरण बना हुआ है। बैठक में पुष्पा डाड, डॉक्टर संजीवनी सोमानी, भारती व्यास, अनीता सोमानी, खुशबू व्यास, अमिता पाराशर, शशि गुप्ता, सिमरन डांगी, सुधा जागेटिया, सीमा कोठारी, प्रियंका जागेटिया, सन्नू असावा, अंकिता तुरकिया, पूनम नौलखा, वंदना मूंदड़ा ज्योति मंत्री, वीणा मूंदड़ा, सुरभि जाजू, निशा मूंदड़ा, सीता सोमानी, आशा जैन आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# उपरेडा पीएचसी में 108 आपातकालीन वाहन लगाने की मांग

स्मार्ट हलचल|शाहपुरा-बनेड़ा

विधानसभा क्षेत्र के उपरेडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में 108 आपातकालीन एंबुलेंस वाहन उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्रवासियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आपातकालीन दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारी और प्रसव के मामलों में मरीजों को लगभग 40 किलोमीटर दूर भीलवाड़ा जिला मुख्यालय ले जाना पड़ता है, जिससे कई बार समय पर उपचार नहीं मिल पाता।

गुलाबपुरा से बनेड़ा रोड पर स्टेट हाईवे का निर्माण होने से इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं लांबिया चौराहा से वाया उपरेडा-शाहपुरा एमडीआर 417 सड़क भी अत्यंत व्यस्त है। ऐसे में दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना चुनौती बन गया है।

वर्तमान में 108 एंबुलेंस शाहपुरा से लगभग 25 किलोमीटर तथा रायला (नेशनल हाईवे) से करीब 20 किलोमीटर दूर से आती है, जिससे वाहन के पहुंचने में काफी समय लग जाता है। कई बार मरीजों को एक घंटे तक 108 के इंतजार में रहना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में निजी वाहन उपलब्ध नहीं होते और यदि मिलते भी हैं तो अत्यधिक किराया वसूला जाता है।

उपरेडा पीएचसी के आसपास





7 से 8 ग्राम पंचायतें तथा 35 से 40 खेड़ा-मुजरा, ढाणी व गांव स्थित हैं। बावजूद इसके पिछले करीब 8 वर्षों से उपरेडा पीएचसी में एक भी डिलीवरी नहीं हो पाई है। प्रसव के दौरान चिकित्सालय कर्मियों द्वारा जोखिम नहीं लेते हुए महिलाओं को भीलवाड़ा रेफर कर दिया जाता है, जो क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

इस संबंध में सर्व समाज सामाजिक कार्यकर्ता मुबारक मंसूरी (उपरेडा) ने बताया कि उपरेडा पीएचसी को क्रमोन्नत हुए 12 वर्ष से अधिक समय हो चुका है तथा वर्ष 2020 में नवीन भवन का निर्माण भी पूर्ण हो गया, लेकिन आज भी यहां समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों से ग्रामवासी, सरपंच एवं जनप्रतिनिधि लगातार ब्लॉक सीएमएचओ बनेड़ा, सीएमएचओ भीलवाड़ा, निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जयपुर, जिला कलेक्टर भीलवाड़ा, चिकित्सा मंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल तक सैकड़ों पत्राचार कर चुके हैं।

इसके अलावा 181 हेल्पलाइन, जिला कलेक्टर की मासिक जनसुनवाई, जनसंपर्क पोर्टल एवं सीएम पोर्टल पर भी सैकड़ों शिकायतें दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक 108 एंबुलेंस की स्वीकृति जारी नहीं हुई है।

क्षेत्रवासियों ने राज्य सरकार से आगामी बजट सत्र 2026-27 में उपरेडा पीएचसी हेतु नवीन 108 आपातकालीन वाहन की वित्तीय स्वीकृति जारी करने की मांग की है, ताकि ग्रामीण अंचल की जनता को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके और जान-माल की रक्षा हो सके।

# एक व्यक्ति, एक संकल्प और पूरा जंगल- बाऊजी कैलाश चंद्र चोबे की अमर विरासत

## ढीकोला के बाऊजी कैलाश चंद्र चोबे ने प्रकृति को समर्पित कर दिया जीवन

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** तहसील के ढीकोला गांव के बाऊजी कैलाश चंद्र चोबे भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका जीवन, उनके कर्म और उनके द्वारा रचा गया हरित संसार आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बन चुका है। वे उन विरले लोगों में से थे, जिन्होंने न तो कभी प्रचार चाहा और न ही किसी मंच की तलाश की। उन्होंने जो किया, वह चुपचाप किया, लेकिन उसका असर इतना गहरा है कि आज पूरा क्षेत्र उसे महसूस करता है। बाऊजी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प सच्चा हो तो अकेला व्यक्ति भी समाज और प्रकृति के लिए बड़ा परिवर्तन कर सकता है।

कैलाश चंद्र चोबे केवल राजकीय सेवा में रहे एक साधारण अध्यापक नहीं थे, बल्कि वे सादगी, करुणा और अनुशासन से भरे हुए व्यक्तित्व थे। गांव का हर व्यक्ति उन्हें स्नेह से 'बाऊजी' कहता था। उनका स्वभाव अत्यंत शांत, सरल और हंसमुख था। क्रोध जैसे भाव उनसे कोसों दूर रहते थे। वे मानते थे कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म प्रकृति और समाज की सेवा है। इसी सोच ने उन्हें दशकों पहले उस रास्ते पर ला खड़ा किया, जिस पर आज लोग पर्यावरण संरक्षण के नाम पर चल रहे हैं।





जब पर्यावरण संरक्षण न तो कोई बड़ा विषय था और न ही सरकारी योजनाओं या नारों का हिस्सा, तब बाऊजी ने मन ही मन यह संकल्प लिया कि वे धरती को खाली हाथ नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने तय किया कि वे जीवन भर पेड़ लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे। इसी उद्देश्य से उन्होंने गांव ढीकोला से लगभग एक किलोमीटर दूर शाहपुरा मार्ग पर स्थित एक उपेक्षित, पथरीली और कांटों से भरी भूमि को चुना। जहां लोग जाने से भी कतराते थे, वहां बाऊजी ने भविष्य देख लिया। यही स्थान आगे चलकर 'कैलाश नाड़ी' के नाम से पहचाना जाने लगा।

शुरुआत बेहद कठिन थी। उस क्षेत्र में अंग्रेजी बबूल और कांटों का घना जंगल था। पानी का कोई साधन नहीं था। हर पौधा लगाना और उसे जीवित रखना एक बड़ी चुनौती थी। बाऊजी साइकिल पर पानी के केन लटकाकर रोज वहां पहुंचते और नन्हे पौधों को अपने हाथों से सींचते थे। कई बार पौधे सूख जाते, कई बार टूट जाते, लेकिन उनका हौसला कभी नहीं टूटा। वे फिर नए पौधे लगाते और पहले से अधिक लगन से उनकी देखभाल करते।

जब पानी की समस्या बढ़ने लगी, तो बाऊजी ने किसी से मदद नहीं मांगी। उन्होंने अपने निजी धन से वहां कुआं खुदवाया और बाद में जल संरक्षण की दृष्टि से तालाब का निर्माण भी कराया। यह सब उन्होंने न तो किसी योजना के नाम पर किया और न ही किसी प्रशंसा की अपेक्षा में। यह उनके लिए एक साधना थी, एक मौन व्रत था। समय के साथ वह बंजर भूमि हरियाली में बदलने लगी। आज वहां नीम, पीपल, बरगद, शीशम, गुलमोहर, करंज, बेलपत्र और बेर जैसे सैकड़ों वृक्ष खड़े हैं। पक्षियों की चहचहाहट और शीतल हवा उस स्थान को एक जीवंत आश्रम जैसा बना देती है।

बाऊजी की सेवा केवल कैलाश नाड़ी तक सीमित नहीं रही। गांव के देवस्थान, सराय, तालाब घाट और श्मशान घाट की नियमित साफ-सफाई करना उनके जीवन का हिस्सा था। वे रोज झाड़ू लेकर निकलते और बिना किसी को बताए अपना काम करते। श्मशान घाट और तालाब परिसर में बरगद और पीपल के पेड़ लगाना उनके लिए विशेष महत्व रखता था। वे कहते थे कि जीवन और मृत्यु, दोनों को छाया की आवश्यकता होती है।

लगभग 55 वर्षों तक उन्होंने यह जीवन जिया निरंतर, निस्वार्थ और अनुशासित। वृद्धावस्था में भी उनकी दिनचर्या नहीं बदली। सुबह गांव की साफ-सफाई, दिन में कैलाश नाड़ी जाकर पौधों की देखभाल और शाम को गांव भ्रमण। वे हर व्यक्ति से 'राम-राम' कहते, छोटे-बड़े का कोई भेद नहीं रखते थे। उनके लिए गांव का हर व्यक्ति अपना था। 3 अक्टूबर 25 को वे रोज की तरह कैलाश नाड़ी गए थे। वहीं उनकी तबीयत बिगड़ी। इलाज चला और लगभग तीन महीने तक वे पैरालिसिस की अवस्था में रहे। आखिरकार 3 जनवरी 2026 की सुबह उनका देहावसान हो गया। उनका जाना पूरे गांव के लिए एक व्यक्तिगत क्षति जैसा था।

हाल ही में ढीकोला मोक्षधाम में ग्रामवासियों द्वारा उनकी स्मृति में वटवृक्ष का पौधारोपण किया गया, जिसे 'कैलाश वटवृक्ष' नाम दिया गया। इस अवसर पर गांव के जिम्मेदार नागरिक नारायण माली ने कहा कि यह केवल पेड़ लगाना नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन का संकल्प है। बाऊजी कैलाश चंद्र चोबे भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका प्रकृति-प्रेम, उनकी साधना और उनकी हरियाली हमेशा रास्ता दिखाती रहेगी। यही एक सच्चे पर्यावरण सेवक को सच्ची श्रद्धांजलि है।

# भीलवाड़ा शहर में सुव्यवस्थित शुरू होंगे रैन बसेरे



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में बढ़ती हुई सर्दी को देखते हुए साँसद अग्रवाल ने मानवीय संवेदना के तहत निराश्रित लोगों को कडाके की ठंड से बचाव के लिए आश्रय स्थलों पर सर्वसुविधा देने के लिए पहल की। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया की भीलवाड़ा साँसद दामोदर अग्रवाल ने सर्दी के प्रकोप से निराश्रित व्यक्तियों को बचाने के लिए पहल की व जिला कलेक्टर, नगर निगम व नगर विकास न्यास को शहर में रैनबसेरों को सुव्यवस्थत कर उनमे आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाकर सर्दी के प्रकोप से निराश्रित व्यक्तियो का बचाव हो सके इस तरह की माकुल व्यवस्था के लिए कहा।

अग्रवाल के निर्देश पर जल्द ही न्यास व निगम के अधिकारियों ने रैनबसेरों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू की। साथ ही सांसद अग्रवाल ने शहर में फुटपाथों रेलवेस्टेशन बसस्टैंड से निराश्रित लोगों को रैनबसेरों में ले जाने की सुनिश्चित व्यवस्था करने के लिए भी कहा।

# लाडपुरा में हिन्दू सम्मेलन के निमित्त आवश्यक बैठक



स्मार्ट हलचल

लाडपुरा क्षेत्र के फूल जी की खेड़ी, श्यामगढ़ सहित आसपास गांवों के बुधवार को हिन्दू सम्मेलन के निमित्त आवश्यक बैठक बालाजी मंदिर धाकड़ मोहल्ले में रखी गई जिसमें कार्य कर्म की रुपरेखा और व्यवस्थाओं के बारे में विचार किया और जिम्मेदारियाँ दी गईं। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए सम्मेलन की तिथि और समय तय किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समुदाय को एकजुट करना और हिन्दू धर्म की रक्षा करना है। सम्मेलन की व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। सम्मेलन के प्रचार और प्रसार के लिए सोशल मीडिया पोस्टर और अन्य माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। सम्मेलन की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। लाडपुरा सांवरिया गौशाला अध्यक्ष नारायण सनाढ्य ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन 1 फरवरी 2026 रविवार को रखा गया है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता और समरसता को सुदृढ़ करना और पंच परिवर्तन स्वदेशी नागरिक कर्तव्य पर्यावरण संरक्षण सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन के लिए जागरूक करना है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियाँ लीं और सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# रात्रि चौपाल में 31 परिवादों पर हुई सुनवाई, जिला कलेक्टर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में अमरापुरा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में एसीईओ गोपाल लाल सहित संबंधित उपखंड अधिकारी सुमित्रा , बीडीओ अतुल सोलंकी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गई तथा उनके निराकरण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए। रात्रि चौपाल में कुल 31 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से कब्रिस्तान एवं श्मशान भूमि आवंटन, आबादी विस्तार से संबंधित प्रस्ताव, बीडीओ से जुड़े बिजली के पोल हटाने के प्रकरण, लालपुरा हाईवे पर झूलते बिजली के तारों को ठीक कर दुर्घटनाओं की रोकथाम, तरमीम/शुद्धि के प्रकरण, पेयजल में फ्लोराइड की समस्या का निवारण, लालपुरा से अमरपुरा सड़क की मरम्मत, आंगनवाड़ी भवनों की मरम्मत तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की बकाया किश्तों के भुगतान से जुड़े मामले शामिल रहे।

ग्रामीणों ने सड़क संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए बताया कि बड़े एवं भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों को नुकसान हो रहा है, जिससे जगह-जगह गड्ढे बन जाते हैं और सड़कें टूट रही हैं। इस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परिवादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा आमजन को राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। रात्रि चौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल हुई।

# माहेश्वरी प्रोफेशनल क्रिकेट लीग सीजन 4 का आयोजन 24 से, पोस्टर का किया विमोचन

## 12 जनवरी को आईपीएल की तर्ज पर नीलामी प्रक्रिया के जरिए बनेगी 10 टीमें

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम द्वारा सत्कार ग्रुप के सहयोग से डे नाइट प्रोफेशनल क्रिकेट लीग सीजन 4 का आयोजन आगामी 24 जनवरी से 26 जनवरी तक महावीर स्कूल ग्राउंड में दुधिया रोशनी में आयोजित किया जायेगा। इसी के तहत प्रतियोगिता लीग के पोस्टर का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, महेश सेवा समिति के सचिव राजेन्द्र कचोलिया के अतिथ्य एवं माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के संयोजक प्रदीप लाठी, अध्यक्ष सीए सुनील सोमानी के सानिध्य में महेश छात्रावास मे किया गया। संयोजक प्रदीप लाठी ने बताया कि 12 जनवरी को आईपीएल की तर्ज पर नीलामी प्रक्रिया के जरिए 10 टीमें बनाई जाएगी। जिनमे आरआर ऑर्नामेंट, मैलाना ग्रुप, सीताराम, शुभम कोल, बृजेश बांगड़ हॉस्पिटल, बिरला बंधु ज्वेलर्स, शारदा एंटरप्राइज, एसएन, कामधेनु, आदि शामिल है। सभी मेचो का लाइव टेलिकास्ट भी किया जायेगा। टूर्नामेंट का उद्देश्य माहेश्वरी समाज के प्रोफेशनल्स को एक मंच पर लाना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। इस टूर्नामेंट में 150 से अधिक प्रोफेशनल खिलाड़ी जिनमे उद्योगपति, सीए, एमबीए, डाक्टर, इंजीनियर, एडवोकेट भाग लेंगे। आयोजन समिति में नरेश जागेटिया, नवनीत तोतला, अभिषेक बाहेती, दिनेश आगाल, प्रंशु सारडा, सोनेश काबरा शामिल हैं। इस अवसर प्रोफेशनल फोरम के कई सदस्य, टीम ऑनर उपस्थित रहे।



# आरएनटी कॉलेज एमडी के जन्मदिवस पर बांटे कम्बल व स्वेटर

**कपासन।** आरएनटी पीजी कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान की 51वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में दीक्षा क्रियेशन्स सोसायटी द्वारा गोद लिए गांव इन्दिरा नगर में प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनवाडी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को ग्रामीणों व स्वयंसेवकों के सहयोग से 85 स्वेटर वितरित किए गये। इसके साथ ही इन्हीं गांवों के निर्धन व्यक्तियों को 62 कम्बल सर्दी से बचाव के लिए वितरित किये गये। इस उपलक्ष में डॉ. खान ने परिवार के साथ आचार्य नानेश रूपरेखा, श्रीराम गोशाला एवं श्रीब्राह्मणी माता गोशाला में जाकर गायों को लापसी का भोग लगा पशु आहार भेंट किया। वहीं सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवे दिन वन्देमातरम के बाद स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। इस दौरान गांव के नागरिकों एवं विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ स्वयंसेवकों ने मैत्री खेल खेला। सायंकालीन सत्र में वस्त्र वितरण कार्यक्रम में ग्रामीण जन को चौपाल पर एकत्र कर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में दीक्षा इन्टरनेशनल स्कूल प्रबन्ध निदेशिका नीमा खान, समाजसेवी अनिल चण्डालिया, सीपी सिरोया, लॉयन ओपी माहेश्वरी, बालेन्द्र कोठारी, इस्माइल खान, बीएड प्राचार्य डॉ. निशा अग्रवाल, प्रो. एसएल मूंदड़ा मौजूद थे।

# अभिषेक दाधीच को मिली एनएसयूआई मांडलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष की कमान

## छात्र हितों की रक्षा और संगठन को मजबूती देना होगी मुख्य प्राथमिकता

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक विस्तार किया गया है। इसी क्रम में श्री अभिषेक दाधीच को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, मांडलगढ़ विधानसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति संगठन की नीतियों एवं विचारधारा के अनुरूप युवाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष श्री दाधीच ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे छात्रों एवं युवाओं की समस्याओं को पूरी निष्ठा से उठाएंगे तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करेंगे। उनकी इस नियुक्ति से छात्र राजनीति में सक्रिय युवाओं में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यकर्ताओं का मानना है कि दाधीच के नेतृत्व में क्षेत्र में छात्र संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# हिन्दुस्तान जिंक और सिलॉक्स इंडिया ने इकोजेन के साथ लो-कार्बन मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए पार्टनरशिप को किया मजबूत

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड और प्रमुख स्पेशलिटी केमिकल्स मैन्युफैक्चरर सिलॉक्स इंडिया ने सिलॉक्स इंडिया द्वारा हिन्दुस्तान ज़िंक के लो-कार्बन जिंक ब्रांड, इकोज़ेन को अपने मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशंस में अपनाने के माध्यम से अपनी लंबे समय से चली आ रही पार्टनरशिप को मजबूत करने की घोषणा की है। यह सहयोग भारत की इंडस्ट्रियल वैल्यू चेन में लो-कार्बन तरीकों को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है और डाउनस्ट्रीम डीकार्बनाइजेशन को सक्षम करने में अपस्ट्रीम प्रोड्यूसर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित करता है। इकोज़ेन को इंटीग्रेट कर, सिलॉक्स इंडिया अपने जिंक-आधारित केमिकल प्रोडक्ट्स के एम्बेडेड कार्बन फुटप्रिंट को कम करेगा, वहीं अपने ग्लोबल कस्टमर्स द्वारा अपेक्षित परफॉर्मेंस और क्वालिटी स्टैंडर्ड्स को पूरा करना जारी रखेगा। इकोज़ेन एशिया का पहला लो-कार्बन जिंक है जो पूरी तरह से रिन्यूएबल एनर्जी के उपयोग से बनाया गया है, जिसका वेरिफाइड कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन जिंक पर एक टन कार्बन उत्सर्जन से कम है - जो ग्लोबल इंडस्ट्री एवरेज से लगभग 75 प्रतिशत कम है। अपने लो-एमिशन प्रोफाइल के अलावा, इकोज़ेन पूरी ट्रेसेबिलिटी और थर्ड-पार्टी वेरिफिकेशन प्रदान करता है, जिससे कस्टमर्स अपने मटेरियल इनपुट के पर्यावरणीय प्रभाव का पारदर्शी रूप से हिसाब रख सकते हैं। गैल्वनाइजिंग जैसे डाउनस्ट्रीम एप्लीकेशंस में, पारंपरिक जिंक की तुलना में इकोज़ेन के उपयोग से प्रति टन स्टील पर लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन से बचा जा सकता है। वेदांता ग्रुप की कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक, भारत के मेटल्स इकोसिस्टम में एक अहम भूमिका निभाती है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोटिव और पावर से लेकर केमिकल्स और रिन्यूएबल्स जैसे सेक्टर्स को जिंक और उससे जुड़े मटीरियल सप्लाई करती है। अपनी सस्टेनेबिलिटी स्ट्रेटेजी के तहत, कंपनी ने न सिर्फ अपने ऑपरेशंस में बल्कि कस्टमर वैल्यू चेन में भी एमिशन कम करने को प्राथमिकता दी है। इकोज़ेन इस हेतु मुख्य स्तंभ बनकर उभरा है, जो कस्टमर्स को स्कोप 3 एमिशन कम करने के टारगेट पूरे करने में सहायता करता है। हिन्दुस्तान ज़िंक इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स का भी सदस्य है, जो जिम्मेदार माइनिंग, क्लाइमेट एक्शन और ट्रांसपेरेंट वैल्यू चेन में ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के साथ इसके तालमेल को दर्शाता है। सिलॉक्स इंडिया केमिकल एप्लीकेशन सेगमेंट में हिन्दुस्तान ज़िंक के प्रमुख कस्टमर्स में से एक है। यह कंपनी इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री और नॉन-फेरस मेटल डेरिवेटिव्स के निर्माण में प्रमुख है, जो कई प्रकार के इंडस्ट्रियल सेक्टर्स को एप्लीकेशन-स्पेसिफिक सॉल्यूशन सप्लाई करती है। इकोज़ेन को शामिल करना सिलॉक्स इंडिया के ईएसजी उद्देश्यों के अनुरूप है, क्योंकि यह जिंक-आधारित प्रोडक्ट्स के कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है और इसकी सप्लाई चेन की सस्टेनेबिलिटी क्रेडेंशियल को मजबूत करता है।



हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ और होल-टाइम डायरेक्टर अरुण मिश्रा ने कहा कि, 'हिन्दुस्तान ज़िंक में डीकार्बनाइजेशन सिर्फ हमारे अपने ऑपरेशंस तक ही सीमित नहीं है, यह इसके आगे यह भी महत्व रखता है कि हमारे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल अलग-अलग इंडस्ट्रीज में कैसे किया जाता है। इकोज़ेन इस बात में एक बड़ा बदलाव है कि जिंक कैसे क्लीनर मैन्युफैक्चरिंग को सपोर्ट कर सकता है। सिलॉक्स इंडिया जैसे कस्टमर्स के साथ पार्टनरशिप कर, हम बड़े पैमाने पर लो-कार्बन सॉल्यूशंस को अपनाने में मदद कर रहे हैं।' सिलॉक्स इंडिसा के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रकाश रमन ने कहा कि यह कोलैबोरेशन कंपनी के लॉन्ग-टर्म सस्टेनेबिलिटी रोडमैप को सपोर्ट करता है। 'इकोज़ेन को अपनी मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस में इंटीग्रेट करने से हम अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एम्बेडेड एमिशन को कम कर पाते हैं, साथ ही अपने कस्टमर्स को हाई-परफॉर्मेंस सॉल्यूशंस देना जारी रखते हैं। यह पार्टनरशिप दिखाती है कि अपस्ट्रीम इनोवेशन कैसे डाउनस्ट्रीम में सस्टेनेबिलिटी के नतीजों को तेज कर सकता है।' इकोजेन जिंक की ड्यूरेबिलिटी और लंबी सर्विस लाइफ को प्रोडक्शन स्टेज पर काफी कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ जोड़ता है, जिससे पूरी वैल्यू चेन में कुल मिलाकर पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को कम करने में सहायक है। लगातार परफॉर्मेंस और क्वालिटी के साथ-साथ कम एमिशन देकर, इकोजेन इंडस्ट्रियल कस्टमर्स के लिए ज्यादा सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग तरीकों को सपोर्ट करता है। यह प्रोडक्ट थर्ड-पार्टी वेरिफाइड लाइफ-साइकिल असेसमेंट, एनवायरनमेंटल प्रोडक्ट डिक्लेरेशन, और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईएसओ और आरईएसीएच सर्टिफिकेशन द्वारा समर्थित है, जो पारदर्शिता, विश्वसनीयता और कम्प्लायंस सुनिश्चित करता है। जैसे-जैसे ऑटोमोटिव, रिन्यूएबल एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे उद्योग अधिक से अधिक लो-कार्बन मटीरियल की तलाश कर रहे हैं, हिन्दुस्तान ज़िंक और सिलॉक्स इंडिया के बीच यह पार्टनरशिप दिखाती है कि वैल्यू चेन में सहयोग भारत को अधिक सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल इकॉनमी की ओर ले जाने में किस प्रकार अपनी भूमिका निभा सकता है।

# एबीवीपी के चित्तौड़ प्रांत का अधिवेशन बांसवाड़ा में सम्पन्न हुआ, दायित्व घोषित

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के चित्तौड़ प्रांत का 61 वाँ अधिवेशन बांसवाड़ा में सम्पन्न हुआ। महानगर मंत्री कुणाल सिंह राणावत ने बताया की अभाविप चित्तौड़ प्रांत का तीन दिवसीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए महानगर से 25 कार्यकर्ता शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के कुलपति प्रो. केशव सिंह ठाकुर व प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. लोकेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि थे । चित्तोड़ प्रान्त के अध्यक्ष डॉ . घनश्याम शर्मा व प्रांतीय मंत्री जितेन्द्र लोधा ने ध्वजारोहन किया । अधिवेशन में सत्र 2025-26 के लिए प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में डॉ. पारस टांक और प्रांतीय मंत्री के रूप में जितेन्द्र लोधा ने दायित्व ग्रहण किया । विभिन्न कार्यक्रमों के बाद प्रांत मंत्री



ने आगामी कार्यक्रम की घोषणा की । अधिवेशन के अंत में घोषणा सत्र हुआ जिसमें भीलवाड़ा महानगर से नवीन दायित्व के रूप में दीपा जाट प्रांत कार्य समिति सदस्य, प्रतिभा धाकड़ प्रांत आरकेएम संयोजक, दुर्गा शंकर कोली प्रांत एसएफएस संयोजक, रिछपाल मिर्धा प्रांत मेडिविजन सह संयोजक, तारा सैनी प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, दीपांशु नक़वाल प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, लोकेश सुवालका प्रांत कार्यकारिणी सदस्य की घोषणा हुई।

# नदी को बना डाला डंपिंग ग्राउंड, जिम्मेदार डाल रहे पर्दा

### अवैध खनन से भी जुड़ा है मामला, अधिकारियों ने चुप्पी साधी।

स्मार्ट हलचल | ओम जैन



**राशमी।** चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर बहने वाली जीवनदायिनी बनास नदी को स्थानीय जनप्रतिनिधि ने डंपिंग ग्राउंड बना कर रख दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड तो महज एक बहाना है, लेकिन सत्यता तो यह है कि नदी के मुहाने पर अवैध कब्जा जमाना है। इस मामले को लेकर जब जिम्मेदार अधिकारियों से बात करनी चाही, तो ये अधिकारी फोन उठाने से परहेज करते हुए दिखाई दिए। सबसे बड़ी हास्यास्पद बात तो पटवारी की रही, जब उन्होंने नदी पेटे की जमीन को ही चारागाह भूमि बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया, लेकिन जब वास्तविकता बताई तो उन्होंने कागज चलाने की बात कह कर फोन बंद कर दिया। मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी प्रशासन को भी दी, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण जिम्मेदार भी मौन बैठ गए। जानकारों की माने तो यह मामला अवैध खनन से भी जुड़ा हुआ है।

#### अधिकारियों का फोन से परहेज

नदी में बन रहे डंपिंग ग्राउंड को लेकर जब स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने फोन उठाने तक की आवश्यकता महसूस नही की। करीब तीन चार बार कोशिश करने के बाद बड़े प्रशासनिक अधिकारी से बात हुई भी, लेकिन उन्होंने भी जानकारी नही होने की बात कह कर मामला दिखवाने की बात कह कर फोन रख दिया।

#### पटवारी का अजीब तर्क

राशमी पटवार मंडल के पटवारी चंद्रदीप से इस बाबत जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने नदी पेटे को ही चरनोट भूमि बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया। लेकिन जब नदी और चरनोट भूमि के सम्बंध को पूछा तो, उन्होंने झल्लाते हुए मंगलवार को कागज चलाने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया।

#### अवैध खनन और अतिक्रमण से जुड़ा हुआ है मामला

बनास नदी के मुहाने पर डंपिंग ग्राउंड बनाने के पीछे असली वजह जानने की कोशिश की तो यह मामला अतिक्रमण और अवैध खनन से जुड़ा हुआ दिखाई दिया। इस मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधि को बड़े जनप्रतिनिधियों से संरक्षण मिला हुआ होने की बात सामने आई, लेकिन कोई भी खुल कर कुछ भी कहने से बचते रहे।

#### नदी में डंपिंग ग्राउंड!

राशमी उपखंड मुख्यालय पर बने पंचायत समिति भवन से महज 300 मीटर की दूरी पर बहने वाली बनास नदी पर स्थानीय जनप्रतिनिधि ने अपनी मनमर्जी करते हुए नदी में ही डंपिंग ग्राउंड बना डाला है। जहाँ पर कचरे के ढेर लग रहे है। क्षेत्र के बड़े जनप्रतिनिधियों की शह पर चल रहे अवैध बजरी खनन से पहले ही छलनी हो चुकी बनास में यह डंपिंग ग्राउंड कोढ़ में खुजली का काम कर रहा है। नदी पेटे को खोद कर निर्माण कार्य करवा कर वहाँ लोहे के एंगल भी लगवा कर ग्राउंड बनाया गया है। मामले से जानकारों का कहना है कि यह सब कार्य एक तरह से नदी पर अतिक्रमण करने का ही प्रयास हो रहा है। जिसमे स्थानीय प्रशासक की शह पर किया जा रहा है।

# न्याय आपके द्वार अभियान में 20 से अधिक प्रकरणों का निस्तारण



**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के द्वारा राज्यव्यापी अभियान 'न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान' 90 दिवसीय अभियान के तहत प्राप्त प्रकरणों में से बुधवार को स्थायी लोक अदालत में 20 से अधिक प्रकरणों का राजीनामें से निस्तारण किया गया। प्राधिकरण सचिव न्यायाधीश सुनील कुमार गोयल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मानसिंह चूण्डावत के निर्देशानुसार इस अभियान में ग्राम नेतावलगढ़ महाराज के ग्रामीणों ने जनहित से संबधित रोड़, नाली की साफसफाई आदि 20 से अधिक शिकायतों के आवेदन तैयार कर अधिकार मित्र द्वारा सत्यापन करवाया जाकर डिप्टी चीफ लिगल एंड डिफेंस काउंसिल अधिवक्ता रमेश चन्द्र दशोरा को प्रकरण में पैरवी हेतु नियुक्त किया गया। प्रकरणों में बुधवार को नेतावलगढ़ महाराज गांव के प्रार्थीगण, ग्राम पंचायत संरपच राजदीप सिंह राणावत व सचिव शकील अहमद के मध्य आपसी समझाईश करवाकर समस्त 20 प्रकरणों का राजीनामें से निस्तारण कराया गया।

# श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज की संभाग स्तरीय संयुक्त बैठक संपन्न

### उदयपुर में 5 मंजिला बहुउद्देशीय समाज भवन निर्माण को लेकर लिया गया ऐतिहासिक संकल्प

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



शिवपुरी धाम इंटालिखेड़ा में प्रभु बा के पावन सानिध्य में सोमवार को श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज की संभाग स्तरीय संयुक्त बैठक का भव्य आयोजन किया गया। प्रवक्ता अनिल पंड्या आँजना ने बताया कि बैठक में समाज के समस्त चौखला कार्यकारिणी सदस्य, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, ग्राम इकाइयों के अध्यक्ष, कोर कमेटी सदस्य एवं पंचगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक के मुख्य अतिथि समाज के संभागीय अध्यक्ष भूपेंद्र पंड्या रहे, जबकि अध्यक्षता विनय त्रिवेदी शिवपूरी आश्रम इंटाली खेड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मीनारायण पांडे, प्रियकांत पंड्या, पवन अमरावत एवं किरीट पंड्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ छमेंऊ चौखला के लीलाधर द्वारा स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती एवं भावी पीढ़ियों के लिए दूरदर्शी योजनाओं पर अपने विचार रखते हुए समाज को संगठित रहने का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए पवन अमरावत ने बैठक आहूत करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बैठक का मुख्य प्रयोजन त्रिमेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन एवं उदयपुर में प्रस्तावित 5 मंजिला बहुउद्देशीय विशाल समाज भवन के निर्माण को लेकर व्यापक विचार-विमर्श एवं समाज की सभी इकाइयों से सहयोग सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर विभिन्न चौखलों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

वागड़ चौखला से द्वारिका प्रसाद जोशी,चौरासी चौखला से किशोर पंड्या,पथोक चौखला से गोमती शंकर पंड्या, तरपोत चौखला से विनोद जी ने एक स्वर में कहा कि उदयपुर में प्रस्तावित समाज भवन के निर्माण हेतु सभी चौखला एवं इकाइयाँ तन-मन-धन से पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि यह भवन समाज की सामाजिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों का स्थायी केंद्र बनेगा और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा। बैठक में समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों ने भी अपने विचार रखे।संभागीय कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रभारी दीपक त्रिवेदी,युवा प्रकोष्ठ से विनोद पांडे,राजनीति प्रकोष्ठ से सुरेश फलोजिया,खेल प्रकोष्ठ से विनोद पानेरी,गणेश त्रिवेदी , महिला प्रकोष्ठ से लक्ष्मी देवी ने अपने-अपने प्रकोष्ठों को और अधिक सशक्त बनाने तथा उदयपुर भवन निर्माण में हरसंभव सहयोग देने का संकल्प दोहराया। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के उद्देश्यों, उसकी आवश्यकता एवं समाज हित में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।प्रियकांत पंड्या एवं लक्ष्मीनारायण पांडे ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन तथा उदयपुर में बनने वाले बहुउद्देशीय समाज भवन से समाज को होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक लाभों की विस्तृत जानकारी दी।बैठक के दौरान समाज जनों द्वारा प्रभु बा का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी बन गया।मुख्य अतिथि भूपेंद्र पंड्या ने उदयपुर समाज भवन एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि भवन निर्माण का भूमि पूजन आगामी 7 मार्च को प्रस्तावित है, जिसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का विचार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में दस हजार से अधिक त्रिमेस समाजजनों की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है द्य इस 5 मंजिला भवन में बालक - बालिका छात्रावास, चिकित्सा सुविधा, जरूरतमंद लोगों के लिए आवास सुविधा, प्रतियोगिता परीक्षा के लिए कोचिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी द्य इस अवसर पर प्रभु बा ने उदयपुर भवन के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की द्य बैठक के अंत में संभाग की सभी इकाइयों एवं अध्यक्षों ने एकजुट होकर समाज के इस ऐतिहासिक स्वप्न को साकार करने का दृढ़ संकल्प लिया तथा संगठन की मजबूती के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश पांडे एवं संभागीय सचिव महेश जोशी ने किया।

# 14वीं राष्ट्रीय ड्रेगन बॉट प्रतियोगिता में राजस्थान ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

भोपाल (म.प्र.) में आयोजित हो रही 14वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बॉट प्रतियोगिता (जुनियर व सीनियर) के दूसरे दिन बुधवार को राजस्थान जुनियर मिक्स टीम ने 2000 मीटर रेस में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

राजस्थान कायाकिंग एवं कैनोईंग संघ के अध्यक्ष भगवान स्वरूप एवं सचिव दिलीप सिंह चौहान ने बताया कि जुनियर मिक्स 2000 मीटर रेस में देश की करीब 12 श्रेष्ठ खिलाडियों से सुसज्जित टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था, जहां पर राजस्थान की जुनियर मिक्स टीम ने अपनी रेस 10 मीनट व 243 मीली सेकेण्ड में पूरी कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

राजस्थान ड्रैगन बॉट चेयरमैन अजय अग्रवाल व संघ के महेश पिम्पलकर ने बताया कि राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता जुनियर मिक्स टीम में राजस्थान की सुश्री कनिष्का कुमावत, सुश्री शगुन कुमावत, सुश्री मनस्वी सुखवाल, सुश्री नाईसा पानेरी, सुश्री चार्वी कुमावत, सुश्री काव्या सैनी, सुश्री प्रनवी कुमावत, सुश्री तेजस्वी जोशी, देवेन्द्र सिंह, कुलवर्धन सिंह शक्तावत, पार्थ सिंह चुण्डावत, सक्षम कुमावत, अनन्त सिंघवी, मानस सुखवाल खिलाडीयों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की झोली में स्वर्ण पदक डाला वही राजस्थान की जूनियर और सीनियर टीम के प्राक्षिशक के लिए पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी सुश्री तनिष्क पटवा को नियुक्त किया गया है।



संघ के चेयरमैन चंद्र गुप्त सिँह चौहान ने सभी स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल व यु.डी.ए. आयुक्त राहुल जैन को भी बधाईयां दी। साथ ही संघ के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण के लिए बॉट प्रदान करने पर पूर्व राजपरिवार के डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ एवं निवृत्तिसिंह का आभार व्यक्त किया।

सचिव श्री चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता से पूर्व राजस्थान टीम के चयन हेतु राजस्थान के सभी खिलाडियों की एक ट्रायल उदयपुर के फतेहसागर स्थित रिजनल कोचिंग केन्द्र पर ली गई थी जहां पर बेस्ट खिलाडियों का चयन किया गया। इस अवसर पर संघ के चेयरमैन पीयूष कछवाहा, तुषार मेहता, कमलेश हाथी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. महावीर सिंह परिहार, उपाध्यक्ष प्रो. मदन सिंह राठौड, तकनीकी अधिकारी दीपक गुप्ता, नवलसिंह कोषाध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिँह ने टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# धर्मराज संभालेंगे शंभूपुरा थाने की कमान, रामलाल का बिजयपुर स्थानांतरण

स्मार्ट हलचल | ओम जैन



**शंभूपुरा।** जिला पुलिस कप्तान मनीष त्रिपाठी द्वारा जिले के 15 उप निरीक्षकों के स्थानान्तरण/ पदस्थापन का आदेश जारी किया गया।

जारी आदेश में शंभूपुरा थाने के थानाधिकारी रामलाल मीणा को बिजयपुर थानाधिकारी लगाया गया, वही भदेसर थानाधिकारी रहे धर्मराज मीणा शंभूपुरा थाने की कमान संभालेंगे।

शंभूपुरा थाने का पदभार संभालते हुए थानाधिकारी धर्मराज ने बताया कि क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाना प्राथमिकता रहेगी। बिना हेलमेट आवागमन करने वालों को जागरूक किया जाएगा और उन्हें यातायात से जुड़े नियम-कानून की जानकारी दी जाएगी।

थानाधिकारी ने बताया कि रात्रि गश्त व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा और बाजारों में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस-जन सहभागिता से ही क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था कायम की जा सकती है।

# सेगवा हाऊसिंग बोर्ड सिद्धि विनायक वाटिका में भागवत कथा जारी

**चित्तौड़गढ़।** सेगवा हाउसिंग बोर्ड चमत्कारिक सांवरिया जी मंदिर के पास स्थित सिद्धि विनायक वाटिका में भागवत कथा के छठे दिन व्यास पीठ भागवत पौथी की पूजा घनश्याम सिंह एवं राकेश माहेश्वरी द्वारा की गई।

कथा के दौरान व्यास पीठ से आचार्य हरिमंगल ने बताया कि जब ईश्वर ने स्वयं सुखदेव जी से कहा कि आप मां के गर्भ से बाहर आ जाओ, आपको सांसारिक मोह माया नहीं पकड़ेगी, तब वे 12 साल बाद मां के गर्भ से बाहर आए। उन्होंने कहा कि जहां दान, दया, भक्ति से परिपूर्ण शुद्ध हृदय होता है वहां ईश्वर अवतार लेते हैं।

# कार्बन ट्रेडिंग से मेवाड़ को मिलेगा हरित लाभ, बैठक उदयपुर में संपन्न

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

ग्रीन पीपल सोसायटी उदयपुर, टेरीब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजीज़ पुणे एवं कार्बन रजिस्ट्री इंडिया, नई दिल्ली की एक महत्वपूर्ण बैठक चुंडा पैलेस, उदयपुर में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कार्बन ट्रेडिंग के माध्यम से राजस्थान, विशेषकर मेवाड़ क्षेत्र की पंचायतों, ग्रामीणों एवं वृक्षारोपण से जुड़े समुदायों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ दिलाने की संभावनाओं पर मंथन करना रहा।

बैठक की शुरुआत ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष श्री राहुल भटनागर के स्वागत उद्बोधन से हुई। इसके पश्चात श्री एस.एन. दवे एवं डॉ. सतीश शर्मा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सोसायटी की गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया तथा बताया कि किस प्रकार कार्बन ट्रेडिंग से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा सकता है।



टेरीब्लू क्लाइमेट टेक्नोलॉजीज़ पुणे के सीईओ श्री प्रदीप मोटवानी, सदस्य श्री उदय कृष्णन एवं श्री आशीष ने कार्बन ट्रेडिंग की प्रक्रिया, उसके तकनीकी पहलुओं तथा विशेष रूप से राजसमंद जिले सहित मेवाड़ क्षेत्र में इस अभियान को आगे बढ़ाने की रणनीतियों पर विस्तार से जानकारी दी।

श्री उदय कृष्णन ने कार्बन उत्सर्जन को क्वांटिफाई करने एवं उसके वैज्ञानिक प्रमाणीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्बन रजिस्ट्री इंडिया, नई दिल्ली के श्री रिचर्ड ब्राइट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचलित कार्बन ट्रेडिंग मॉडल्स की जानकारी देते हुए बताया कि इन्हें भारत में सफलतापूर्वक लागू कर वृक्षारोपण करने वाले लोगों को किस प्रकार आर्थिक लाभ दिया जा सकता है।

बैठक में यह भी सुझाव सामने आया कि विद्यालयों में किए गए वृक्षारोपण को कार्बन ट्रेडिंग से जोड़कर स्कूलों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा सकता है, जिस पर श्री मोटवानी ने विशेष चर्चा की।

ग्रीन पीपल सोसायटी की ओर से राहुल भटनागर, प्रो. शरद श्रीवास्तव, प्रो. आई.जे. माथुर, एस.एन. दवे, डॉ. एस.के. वशिष्ठ, डॉ. ललित जोशी, सुहेल मजबूर, पी.एस. चुंडावत, यासीन पठान, वी.एस. राणा एवं डॉ. सतीश शर्मा ने बैठक में सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक का समापन सोसायटी के उपाध्यक्ष प्रो. शरद श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के आग्रह पर वरिष्ठ स्वयंसेवी मार्तण्ड राव मराठा ने मनीष उपाध्याय को ज्यूस पिलाकर तुड़वाया अनशन

### गांधी चौराहे पर अपनों के बीच अनशन समाप्त, सामाजिक समरसता का दिया सशक्त संदेश

स्मार्ट हलचल | छोटीसादड़ी

नगर में जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर चल रहे जनआंदोलन के क्रम में बुधवार को एक महत्वपूर्ण, भावनात्मक एवं सकारात्मक घटनाक्रम सामने आया। समाज एवं जनहित की मांगों को लेकर अनशन पर बैठे मनीष उपाध्याय नेबुधवार को प्रातः 11.00 बजे छोटी सादड़ी के ऐतिहासिक गांधी चौराहे पर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए आमजन की उपस्थिति में अपना अनशन विधिवत रूप से समाप्त किया।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के आग्रह पर छोटी सादड़ी क्षेत्र के वरिष्ठ स्वयंसेवी मार्तण्ड राव मराठा एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के हाथों से मनीष उपाध्याय को ज्यूस पिलाकर अनशन तुड़वाया गया। जैसे ही अनशन समाप्त हुआ, गांधी चौराहा उपस्थित जनसमूह की तालियों से गूंज उठा और वातावरण भावनाओं से सराबोर हो गया। उल्लेखनीय है कि मनीष उपाध्याय विगत कई दिनों से समाज एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अनशनरत थे। उनके स्वास्थ्य को लेकर नगरवासियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों में लगातार चिंता बनी हुई थी। वरिष्ठ नागरिक मंच, पेंशनर समाज, परशुराम संगठन, मुस्लिम समाज, सर्व हिंदू समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध नागरिकों एवं शुभचिंतकों द्वारा लगातार उनसे अनशन समाप्त करने की अपील की जा रही थी।

पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने भी मनीष उपाध्याय से संवाद कर उन्हें अनशन समाप्त करने का आग्रह किया तथा प्रशासन स्तर पर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा दिए गए आश्वासन के पश्चात मनीष उपाध्याय ने सभी सामाजिक संगठनों एवं आमजन की भावनाओं का सम्मान करते हुए अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया।




गांधी चौराहे पर आयोजित इस अवसर पर नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सामाजिक सौहार्द, आपसी संवाद एवं लोकतांत्रिक तरीके से समस्याओं के समाधान पर बल दिया। यह आयोजन नगर में सकारात्मक सोच, एकता एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक बन गया। मनीष उपाध्याय के अनशन समाप्त करने के निर्णय का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत करते हुए इसे जनहित में एक सार्थक, दूरदर्शी एवं जिम्मेदार पहल बताया। संगठनों ने विश्वास जताया कि प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन शीघ्र ही धरातल पर उतरेंगे और जनसमस्याओं का समाधान होगा।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमृतलाल बंडी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश जाट, वरिष्ठ नागरिक मार्तव राव मराठा, जगन्नाथ सोंलकी, अमृतलाल नाहर, योगेंद्र उड़िया, लालाराम इंदौरा, नगर कांग्रेस संगठन महासचिव नरेंद्र राव मराठा, नगरपालिका अध्यक्ष फातेमा मुस्तफा बोहरा, प्रधान प्रतिनिधि रणजीत मीणा, भाटखेड़ी मंडल अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मीणा, कारुंडा मंडल अध्यक्ष गुलाब धाकड़, मोती राव मराठा, शांतिलाल उपाध्याय, ठाकुर चंद्र कुमावत, दिलीप पोरवाल, अरविंद नाहर, पार्षद भरत वैष्णव, भरत खटीक, प्रेमचंद तेली, अजय यादव, हरीश टेलर, राधेश्याम गायरी, राधेश्याम चंडालिया, उदय लाल मीणा, नागेश रेगर, चट्टान सिंह साहू, यासीर पठान, ओमप्रकाश ओढ़िच्च, दीपक व्यास, प्रवक्ता बंसीलाल यादव, अनिल शर्मा (कालीचरण), रविराव राव मराठा (बंटी), एनएसयूआई नगर अध्यक्ष पंकज पुरबिया, युवा कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष अजय शर्मा, मुन्नीबाई, नूरदर खान पठान, राजेंद्र यादव, सुरेश जटिया, हेमंत डूंगरवाल, युवा कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष बबलू नागौरी, विजय सोनी, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, भोजराज जायसवाल, ललित टेलर, प्रशासक राधेश्याम मीणा, अम्बालाल मीणा, मिट्ठूलाल मीणा, अंबालाल गुर्जर, बंसीलाल आंजना, विजय गंधर्व, देवीलाल उपाध्याय,, लक्ष्मीलाल जायसवाल, सत्यनारायण अहीर, राकेश अहीर, फिरदौस भाई, यशवंत मुखिया, शीतल नलवाया, दिनेश जायसवाल, नितिन सोनी, सूरजमल रैगर,राकेश जगदाले, पारस सेन, शाकिर भाई मंसूरी, राजू शर्मा, देवीलाल खटीक सहित छोटीसादड़ी क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने मनीष उपाध्याय के संघर्ष, संयम, धैर्य एवं जनसेवा भाव की सराहना की।

# हिण्डौन प्रेस क्लब का नववर्ष मिलन एवं कैलेंडर विमोचन समारोह आयोजित



स्मार्ट हलचल | हिंडौन सिटी

हिण्डौन प्रेस क्लब के तत्वावधान में बुधवार को नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन बयाना मार्ग स्थित रोशनी बंधन मैरिज गार्डन में किया गया। इस अवसर पर क्लब के वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों का सम्मान और पत्रकारिता के वर्तमान चुनौतियों पर विचार-विमर्श प्रमुख आकर्षण रहा। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् मनोज कुमारी उपस्थित रहीं, जिन्होंने कैलेंडर विमोचन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता साहित्यकार कृष्ण बिहारी पाठक ने 'वर्तमान परिदृश्य में पत्रकारिता एक चैलेंज' विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बदलते मीडिया परिवेश में पत्रकारों की भूमिका और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कार्टूनिस्ट धर्मेंद्र गेरा, पूर्व सभापति नफीस अहमद तथा वरिष्ठ पत्रकार दीनदयाल सारस्वत ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में हिंडौन उपखंड क्षेत्र के पत्रकारों का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस समारोह में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, महासचिव देवी सहाय शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, सचिव ओमप्रकाश सुमन, उपाध्यक्ष चंदू शर्मा के अलावा भाजपा नेता चरण सिंह सोलंकी, सतपाल डागुर, चरण सिंह डागुर, अजय शर्मा, शुभम तिवाड़ी सहित क्लब के सदस्य एवं काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार देवी सहाय शर्मा ने किया।

# नकली सोना (गोल्ड) देकर धोखाधड़ी करने 02 मुल्जिमान गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी राजेन्द्र कुमार मीणा (ढ्ढक्क) ने बताया की थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा नकली सोना (गोल्ड) देकर धोखाधड़ी करने के प्रकरण में प्रभावी करते हुए दो आरोपी (1)(भुरिया उर्फ बबलू पुत्र जसोत्या जाति कंजर उम्र 40 साल निवासी रामनगर बून्दी थाना सदर बून्दी

(2) कालू पुत्र जसोत्या जाति कंजर उम्र 45 साल निवासी रामनगर बून्दी थाना सदर बून्दी, को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी की राशी 2 लाख 15 हजार रुपये व घटना मे प्रयुक्त कार बरामद करने में सफलता प्राप्त की है । मुल्जिमान पुर्व में लुट, डकैती, नकबजनी, चोरी, मारपीट, अवैध शराब तस्करी जैसे जघन्य अपराधो के चालानशुद्धा अपराधी है।

घटना विवरण- दिनांक 22-12-25 को फरियादी अजय कुमार गुप्ता पुत्र सन्तोष गुप्ता जाति महाजन उम्र 34 साल निवासी कलान निवासी शाहजहापुर उतर प्रदेश ने थाना हाजा पर उपस्थित होकर रिपोर्ट पेश की कि लगभग 1 माह पूर्व मे खाटुश्याम के घुमने गया था मुझे बबलू नाम का व्यक्ति मिला जिसने कहा कि मेरे पास जमीन से निकला हुआ थोड़ा सोना है जिसे आपको थोडा कम दाम मे दे दुगा उसने मुझे अपना कार्ड दिया था जिसमे उसके मोबाईल नम्बर 7742292791 था। जिसमे उसने अपने घर रामनगर बून्दी बुलाया दिनांक 12.12.2025 को मै बून्दी आया बून्दी बस स्टेशन से मुझे बबलू बलेनो गाडी मे रामनगर ले गया जहाँ उसने मुझे छोटा सोने का टुकडा दिया ओर कहा चैक करा लेना उसने अपना नाम कालु बताया उस सेम्पल के मैने 10 हजार रुपये कालु को दिये। मै फिर अपने घर चला गया घर जाकर मैने सेम्पल चैक करवाया




तो वह सही मिला, कुछ दिन बाद बबलू उर्फ कालु मुझे लगातार फोन कर सस्ते सोने का लालच देकर बुला रहा था कि मै उसके घर आकर सस्ता सोना खरीद लुँ। उसने मुझे 1 लाख प्रति 10 ग्राम सोना देने का वादा किया उसने मुझे दिनांक 19.12.2025 बून्दी बुलाया मै अपने घर से 19.12.2025 को बून्दी बस स्टेण्ड आ गया बून्दी बस स्टेण्ड पर बबलु उर्फ कालू अपने एक साथी के साथ उसी बलेनो कार जिसका नम्बर थे जिसमे बैठकर मै उनके साथ उनके घर रामनगर गया घर पर जाते ही उन्होने मुझसे सोने के पैसे मांगे बोला कि मैने जो मोबाईल मंगवाया था वह लाये हो। मैने उन्है 2 लाख 15 हजार नकद व एक 25 हजार का विवो कम्पनी मॉडल ङ्घ400 का बबलू उर्फ कालू को दे दिया मुझे उन्होने सोना नही दिया ओर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रकरणों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने के आदेशो की पालना में श्री भंवरसिंह पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम द्वारा नकली सोना (गोल्ड) देकर धोखाधड़ी करने के प्रकरण में आसुचना संकलन कर तकनिकी साक्ष्य एकत्र कर संदिग्ध स्थानो पर लगातार दबिशे देकर मुलजिमान को तलाश किया जाकर 02 मुलजिमान को गिरफ्तार करने के साथ धोखाधड़ी की राशी 02 लाख 15 हजार रुपये बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। प्रकरण में अनुसंधान जारी है ।

तरिका वारदातः- प्रकरण में गिरफ्तारशुद्धा अभियुक्तगण अपराधी प्रवृत्ति के शातिर अपराधी है। जो पुर्व में भी कई लुट, डकैती, मारपीट जैसे जघन्य अपराध संबंधी प्रकरणो के चालानशुद्धा अपराधी है। मुलजिमान विभिन्न धार्मिक स्थलो पर जाकर वहां पर लोगो के सस्ता सोना देने का लालच देकर रामनगर बून्दी में बुलाते है। रामनगर आने के बाद उन्हे नकली सोना देकर मारपीट कर भगा देते है। इसी क्रम मे मुलजिमान द्वारा फरियादी को खाटुश्याम मन्दिर सीकर मे सस्ता सोना देने का लालच दिया, इस पर फरियादी सोना खरीदने बून्दी आये जहां से बस स्टेण्ड से आरोपीगण द्वारा अपनी कार में रामनगर बून्दी ले गये तथा नकली सोना देकर पैसे हडप लिये।

# जगनत्था में जानलेवा हमला कर दुकानदार को किया घायल

स्मार्ट हलचल| सूरौठ



गांव जगनत्था में महिलाओं पर गंदी फब्तियां कसने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने परचूने की दुकान करने वाले दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल दुकानदार भगवान सिंह जाटव को सूरौठ के राजकीय अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे हिंडौन के जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इस संबंध में घायल दुकानदार के भाई ने हिंडौन अदालत में इस्तगासा दायर किया है। जगनत्था निवासी सबरी सिंह जाटव पुत्र भूर सिंह जाटव ने इस्तगासे में उल्लेख किया है कि उसका भाई भगवान सिंह जाटव गांव में स्थित अपनी परचूने की दुकान पर बैठा हुआ था तभी जगनत्था के ही शिब्बो जाटव, सौरभ जाटव एवं आकाश जाटव वहां आए तथा उनकी बहन बेटियों पर गंदी फब्तियां कसने लगे। जब भगवान सिंह जाटव ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने भगवान सिंह के साथ भी गाली-गलौज की। इसके पश्चात सभी आरोपी अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर एक राय होकर आए तथा भगवान सिंह जाटव पर जानलेवा हमला बोल दिया। जिससे भगवान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।शोर सुनकर जब सबरी सिंह मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने सबरी सिंह के साथ भी लात घूंसो से मारपीट की। प्रार्थी के भाई विकेश जाटव की पत्नी जब बीच बचाव में आई तो आरोपियों ने चुटिया पकड़कर उसे जमीन में घसीटा तथा बेअदब कर दिया। इस्तगासे में आरोप लगाया गया है कि आरोपी भगवान सिंह की दुकान के गल्ले से 2240 रुपए की नकदी को भी ले गए। इसके अलावा एक महिला के सोने के फूल को भी चुरा ले गए।

# हिन्दू सम्मेलन जुरहरा मंडल की आयोजन समिति का हुआ गठन



स्मार्ट हलचल| जुरहरा

बुधवार को क़स्बे की खण्डेलवाल धर्मशाला में क़स्बे के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आयोजित हुई बैठक में हिन्दू सम्मेलन मंडल जुरहरा की आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित कस्बेवासियों के द्वारा सर्वसम्मति से रतन वशिष्ठ को अध्यक्ष, लाखन पाई, मुकुट बामनी, दिगम्बर नौगांवा, मुकेश अग्रवाल व प्रदीप गौड जुरहरा को उपाध्यक्ष, राजेश खण्डेलवाल को कोषाध्यक्ष, टीकम सैनी व पवन सचदेवा को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। इसके अलावा गौरीशंकर तिवारी, पूरनलाल सैनी, विनोद मानवी, दुर्गेश शास्त्री, रामवतार साहू, मनोज सैनी व रोहताश शेखावत को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है।

बैठक में दौलत राम सैनी जिला बौद्धिक प्रमुख, हुलास शर्मा खण्ड महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख, राहुल पचौरी उपखण्ड कार्यवाह, ब्रह्मदेव शास्त्री, विद्यासागर साहू, पिन्टू जैन, प्रेमचंद बामनी व महावीर खण्डेलवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कोटा मंडल ने बढ़ाया पश्चिम मध्य रेलवे का मान, अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से होंगे सम्मानित पीयूष शर्मा

## रेल संरक्षा में असाधारण योगदान के लिए 9 जनवरी को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा सम्मान

स्मार्ट हलचल| कोटा



भारतीय रेलवे द्वारा वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) की घोषणा कर दी गई है, जिसके अंतर्गत देशभर से 100 उत्कृष्ट रेलकर्मियों का चयन किया गया है। इस सम्मानित सूची में पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में कार्यरत वरिष्ठ खंड अभियंता श्री पीयूष शर्मा का नाम शामिल होना मंडल के लिए गर्व का विषय है।

वरिष्ठ खंड अभियंता श्री पीयूष शर्मा को रेल संरक्षा, तकनीकी दक्षता तथा विषम परिस्थितियों में त्वरित और सटीक निर्णय क्षमता के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस सर्वोच्च सम्मान हेतु चुना गया है। उनके चयन से न केवल कोटा मंडल बल्कि संपूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है।

अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (राष्ट्रीय) 2025 का वितरण समारोह शुक्रवार, 9 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, यशोभूमि में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव द्वारा चयनित रेलकर्मियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए पश्चिम मध्य रेलवे को भी सम्मानित किया जाएगा तथा कोटा मंडल के वरिष्ठ खंड अभियंता श्री पीयूष शर्मा को व्यक्तिगत श्रेणी में यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

यह सम्मान 3 सितंबर 2025 को कँवलपुरा-दरा रेलखंड पर भीषण वर्षा के दौरान प्रदर्शित असाधारण सतर्कता और नेतृत्व क्षमता का प्रतिफल है। ट्रैक पर भारी मलबा और जलभराव की स्थिति में समय रहते विद्युत आपूर्ति कटवाकर तथा ट्रेन परिचालन रुकवाकर एक संभावित भीषण दुर्घटना को टालते हुए सैकड़ों यात्रियों की जान सुरक्षित रखी गई। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने नवाचार, समर्पण और कार्यकुशलता के उच्चतम मानदंड स्थापित किए हों। 17 रेलवे जोनों एवं उत्पादन इकाइयों में से मात्र 100 रेलकर्मियों का चयन इस पुरस्कार की गरिमा और विशिष्टता को दर्शाता है।

# बैठक में सोरसन अभयारण्य क्षेत्र के विकास पर चर्चा



स्मार्ट हलचल|बारां

सोरसन ब्रह्मणी अभयारण्य विकास समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में समिति के सदस्य व पूर्व विधायक भरत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

जिला कलक्टर कक्ष में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर तोमर ने सोरसन अभयारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा व पर्यटन विकास को लेकर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने पशु-पक्षियों के पेयजल के लिए तलाइयों व सुरक्षा दीवार की मरम्मत तथा अमलसरा क्षेत्र में पर्यटक हट्स में पर्यटन गतिविधियों व सुविधाओं के विकास के निर्देश भी दिए। स्थानीय ग्रामीणों को गाइड के रूप में प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता जताई गई जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बैठक में डीएफओ को निर्देश दिए कि क्षेत्र में पेट्रोलिंग को बढ़ाते हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करे। बैठक के दौरान अभयारण्य क्षेत्र में मवेशियों की चराई पर नियंत्रण तथा स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर चराई के लिए वैकल्पिक समाधान पर भी चर्चा की गई। साथ ही मौजूदा तलाइयों का विस्तार कर पक्षियों को आकर्षित करने के उपाय सुझाए गए। बैठक में अभयारण्य क्षेत्र में विकास प्रस्तावित कार्यों व वित्तीय सहायता के संभावित स्रोत पर भी चर्चा की गई। इस दौरान सदस्य रमेशचन्द नंदवाना सहित डीएफओ विवेकानंद बडे माणिकराव, सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में 9 तक अवकाश

**चित्तौड़गढ़।** मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार जिले में शीतलहर की प्रबल संभावना एवं बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के हित में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए दो दिन के अवकाश की घोषणा की है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम ने प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में संचालित समस्त सरकार, गैर सरकारी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए 8 एवं 9 जनवरी को अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू रहेगा, जबकि समस्त विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत स्टाफ यथावत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर गौतम ने जिले के सभी संस्था प्रधानों को इस आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। साथ ही आदेश की अवहेलना करने पर संबंधित के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई की जायेगी।

# राम आगमन से गूंजा कथा पंडाल, भजनों में उमड़ा श्रद्धा का सागर

## मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे, राम राज्याभिषेक प्रसंग के साथ संपन्न हुई श्रीरामकथा, भाव-विभोर हुए श्रोता

स्मार्ट हलचल|कोटा

राधारानी पार्क, रंगबाड़ी योजना सेक्टर-4 में आयोजित श्रीरामकथा के अंतिम दिन कथा पंडाल भक्ति, श्रद्धा और भावनाओं के अनुपम संगम में परिवर्तित हो गया। जैसे ही राम आगमन और राज्याभिषेक का प्रसंग प्रारंभ हुआ, पूरा वातावरण जयघोष और भक्ति रस से सराबोर हो उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रभु श्रीराम के स्वागत में झूमते नजर आए। श्रीकामखेड़ा बालाजी महाराज के पुजारी पंडित तुलसीराम शर्मा ने सीता की अग्नि परीक्षा, राम का अयोध्या आगमन तथा राम राज्याभिषेक प्रसंग का सजीव और भावपूर्ण वर्णन किया। कथा उपरांत विधिवत पूर्णाहुति हवन संपन्न हुआ, जिसके बाद महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

भजनों की स्वर लहरियों ने श्रद्धालुओं की भावनाओं को और प्रखर कर दिया। 'छम-छम नाचे वीर हनुमाना' और 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे' जैसे भजनों पर श्रोता भक्ति में झूम उठे। ढोलक, मंजीरे और ताल की संगति ने पूरे पंडाल को भक्तिमय



उत्साह से भर दिया।

इस अवसर पर ऋतु शर्मा ने बताया कि झांकियों एवं सजीव चित्रण की प्रस्तुति में अजय सक्सेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गुरु वशिष्ठ की भूमिका अराध्य शर्मा, राम की भूमिका दिव्या, सीता की भूमिका दिव्यांशी, लक्ष्मण की भूमिका मोनिका तथा कीर्ति द्वारा प्रभावशाली अभिनय किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा। मंच संचालन करते हुए कृष्णार्थी राकेश विजयवर्गीय ने कहा कि रामकथा केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को मर्यादा, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। महाआरती में दयाल माहेश्वरी, सत्यनारायण माहेश्वरी, मुकुट शर्मा, ऋषभचंद जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और पुण्य लाभ अर्जित किया।

## किशनगढ़ में भीषण सड़क हादसा

# सोलर कंपनी के कर्मचारियों से भरी बस पलटी, तीन दर्जन से अधिक घायल




स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर जिले के किशनगढ़ शहर थाना क्षेत्र के बड़गांव चौराहे पर बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पाटन क्षेत्र स्थित सोलर प्लांट के कर्मचारियों से भरी एक बस हाईवे पर पलट गई। हादसे में बस में सवार तीन दर्जन से अधिक कर्मचारी घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोलर कंपनी की यह बस नाइट शिफ्ट समाप्त होने के बाद कर्मचारियों को लेकर घर की ओर जा रही थी। बड़गांव चौराहे पर बस जैसे ही यू-टर्न ले रही थी, उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रेलर ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद बस में फंसे कर्मचारियों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए आगे आए।

### मौके पर पहुंची पुलिस

सूचना मिलते ही बांदर सिंदरी थाना और किशनगढ़ शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंसों की मदद से उन्हें किशनगढ़ के मार्बल सिटी अस्पताल और राजकीय वाईएन अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, अधिकांश घायलों को हाथ-पैर और सिर में चोटें आई हैं, जबकि पांच कर्मचारियों की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है।

### ट्रेलर चालक के खिलाफ केस दर्ज

हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। किशनगढ़ शहर थाना पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण माना जा रहा है।

### दोषी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई: पुलिस

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हादसे के बाद सोलर कंपनी प्रबंधन भी अस्पताल पहुंचा और घायलों के उपचार की व्यवस्था में सहयोग किया।

# शिविर में कुल 73 बच्चों का उपचार



स्मार्ट हलचल

**वैर।** उप जिला अस्पताल परिसर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। डॉक्टर सुशील पाराशर ने बताया।जिसमें आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर से आये नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, शिशु रोग विशेषज्ञ आदि चिकित्सकों ने बच्चों का उपचार किया। शिविर में कुल 73 बच्चों का उपचार हुआ। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोनिका अग्रवाल, डॉक्टर देवेंद्र गुर्जर, डॉक्टर पवन, डॉक्टर कुलदीप, डॉक्टर सुशील पाराशर, डॉक्टर नंदकिशोर तिवारी शिविर में मौजूद रहे। एएनएम मनीष सैनी, एएनएम लक्ष्मी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग किया। कैम्प प्रभारी ने बताया कि 8 जनवरी को सीएचसी भुसावर, 9 जनवरी को हलैना तथा 12 जनवरी को सीएचसी पथैना पर कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# दीक्षांत समारोह की तैयारियों का कुलगुरु ने लिया जायजा, समितियों को दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल| कोटा

कोटा विश्वविद्यालय में आगामी 23 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं अंतिम तैयारियों का जायजा लेने के लिए कुलगुरु प्रो. बी.पी. सारस्वत ने कृषि प्रबंध संस्थान स्थित ऑडिटोरियम, नयापुरा में निरीक्षण किया और संबंधित समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार राजपाल सिंह, डा. प्रो. अनुकृति शर्मा,प्रो.ओ. पी. ऋषि,प्रो. घनश्याम शर्मा,प्रो.भवानी सिंह,प्रो.पी. सी. गुप्ता, एन. एल. हाड़ा भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल



के आगमन, शोभायात्रा मार्ग, मंच व्यवस्था, सुरक्षा, प्रोटोकॉल, अतिथियों के स्वागत तथा विद्यार्थियों को पदक एवं उपाधि वितरण की व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर अवलोकन किया गया।

कुलगुरु प्रो. सारस्वत ने बताया कि राजस्थान के माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागड़े 22 जनवरी को कोटा आगमन करेंगे तथा 23 जनवरी को दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के लगभग 60 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा करीब 81 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने बताया कि दीक्षांत भाषण के लिए प्रख्यात शिक्षाविद एवं चिंतक प्रोफेसर भगवती प्रकाश शर्मा (उदयपुर) को आमंत्रित किया गया है, जो पूर्व में नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति रह चुके हैं।

दीक्षांत समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओमबिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उच्च शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को आमंत्रण पत्र प्रेषित किए गए हैं। आयोजन की सुचारू व्यवस्था के लिए सभी समितियों का गठन कर दिया गया है तथा ऑडिटोरियम में बैठने, मंच, ध्वनि, प्रकाश, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

# एडीएम ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी, पीएमओ को दिए सख्त निर्देश

स्मार्ट हलचल | बारां

अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल ने बुधवार को शहीद राजमल मीणा जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में संचालित व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति नियमित पाई गई। उन्होंने माह के प्रथम बुधवार को आयोजित होने वाले एनसीडी कैंप का भी निरीक्षण भी किया, जहां उन्होंने संबंधित चिकित्सकों से उपचार व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जेरिएटिक वार्ड का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने ओपीडी कक्षों, बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जनागल ने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर खड़े मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने पीएमओ एवं अस्पताल प्रशासन को सख्त निर्देश



दिए कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहें तथा मरीजों को संवेदनशील, व्यवस्थित और संतोषजनक सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अस्पताल परिसर की स्वच्छता, पार्किंग व्यवस्था एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल ने बुधवार को किशनगंज उपखण्ड के तेजाजी का ढांडा सहित क्षेत्र अन्य का निरीक्षण कर नो-मैपिंग मतदाताओं के दस्तावेजों के संग्रह एवं सत्यापन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से अपील की कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 प्रकार के दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज उपलब्ध कराकर अपना नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित कराएं।

एडीएम जनागल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कई पात्र नागरिकों के नाम अंतिम सूची में प्रकाशित नहीं हो पाए हैं, ऐसे सभी व्यक्तियों का पुनः सत्यापन कर उनके नाम जोड़ने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। उन्होंने घर-घर जाकर दस्तावेज एकत्र कर रहे दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए तथा मतदाताओं को प्रक्रिया की जानकारी समझाई।

इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौथ माता के दरबार में लगा श्रद्धालुओं का ताता, शीतलहर में भी बना रहा उत्साह

## चोथमाता के दरबार में दर्शन करने उमड़ा जन सैलाब, दर्शन की लगी कतारे, जगह जगह भंडारो का हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल|बूंदी



बाणगंगा स्थित चौथ माता का के मेले के प्रथम दिन आज माता के दर्शन और अपनी मनोकामना के लिए जिला सहित हाड़ौती संभाग एवं आसपास के जिलो के श्रद्धालु माता के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे।इस कड़ाके की सर्दी में भी अल सुबह से ही चौथ माता मंदिर के रास्ते में श्रद्धालुओं का रैला लगा शुरू हो गया जो देर रात तक जारी था। शहर के हर मार्ग से पैदल जाने वाले श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए माता के दर्शन के लिए चलते जा रहे थे। रास्ते में जगह-जगह लगे साउंड पर भजनों की धुन पर युवाओं ने ओर महिलाओ ने जमकर नृत्य किया। ग्रामीण क्षेत्रों से लोगो को माता के दर्शन करने आना बीती रात से ही चालू हो गया था। समाजसेवी संगठनों और लोगों द्वारा भक्तों के लिए रास्ते में जगह जगह भंडारो की व्यवस्था की गई। कई स्थानों पर भक्तों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। नैनवां रोड़, माटूंदा चौराहा, मीरागेट, रामद्वारा, लंकागेट, खोजागेट जगह-जगह भण्डारों का आयोजन हुआ।

बाणगंगा स्थित चौथ माता मंदिर में श्रद्धालुओं का आना बीती रात से ही प्रारंभ हो गया था। अल सुबह जेतसागर रोड़ श्रद्धालुओं से अटा हुआ रहा। पदयात्री माता के जयकारे लगाकर नाचते गाते हुए मंदिर प्रांगण में पहुंचे। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग दो लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

### पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाऐ चाक चौबन्द नजर

आई। तिल चौथ मेले के सफल आयोजन को लेकर पुलिस और प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई। बीती रात से ही पुलिस की टुकडिया मंदिर मार्ग पर आने वाले तिराहे-चौराहे पर खडी रही। जगह-जगह यातायात पुलिस के जवान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे। मंदिर पर एक तरफ से आना और नवनिर्मित रोड से जाने की व्यवस्था करने से किसी प्रकार की कोई भगदड़ नहीं मची और श्रद्धालु शांतिपूर्वक दर्शन कर अपने यथा स्थान पहुंचे। यह व्यवस्था बूंदी पुलिस ने अपनी सूझबूझ से की जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। मीरा गेट, अहिंसा सर्किल, बहादुर सिंह सर्किल, रामद्वारा, दलेलपुरा गांव की तरफ से आने वाले रास्तो में दुपहिया चौपहिया वाहनों का प्रवेश अल सुबह से ही बंद रहा। जिससे यातायात प्रभावित हुआ इसलिए ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले वाहन वैकल्पिक रास्ते से होकर बून्दी आए। मंदिर समिति द्वारा भी मंदिर प्रांगण में कार्यकर्ता लगाकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा गया।

# गाजे-बाजे के साथ हुआ कुत्ते का अंतिम संस्कार

स्मार्ट हलचल | ब्यावर




राजियावास गांव में मंगलवार को एक अनोखी, भावुक और मानवीय संवेदनाओं से भरी घटना देखने को मिली। गांव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर बिना बुलाए अंतिम यात्रा में शामिल होने वाला एक वफादार कुत्ता जब स्वयं इस दुनिया से विदा हुआ, तो पूरे गांव ने उसे अपने परिवार के सदस्य की तरह अंतिम विदाई दी।

ग्रामीणों के अनुसार यह कुत्ता गांव में जब भी किसी की मृत्यु होती, स्वतः मृतक के घर पहुंच जाता था। वह न केवल अंतिम यात्रा में शामिल होता, बल्कि श्मशान घाट में अंतिम संस्कार और शोकसभा सम्पन्न होने तक वहीं मौजूद रहता था। वर्षों से चले आ रहे इस निस्वार्थ और संवेदनशील व्यवहार ने कुत्ते को गांववासियों के दिलों में विशेष स्थान दिला दिया था।

गांव के सरपंच ब्रजपालसिंह रावत ने बताया कि मंगलवार सुबह अज्ञात कारणों से यह कुत्ता सड़क किनारे मृत अवस्था में मिला। इसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से गांव में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। इसके बाद ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वफादार कुत्ते का विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया जाएगा।

कुत्ते की अंतिम यात्रा सुबह ग्यारह बजे आशापुरा माता मंदिर से डीजे साउंड पर रामधुन के साथ प्रारंभ हुई, जो राजियावास हिंदू मुक्तिधाम पहुंची। वहां पूरे विधि-विधान और श्रद्धा भाव के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी की आंखें नम आईं।

इस अनोखे कुत्ते का उठावना आज शाम को आशापुरा माता मंदिर के पास स्थित धर्मशाला में रखा गया है, वहीं इसका बारहवां कार्यक्रम आगामी 15 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है और मानव व पशु के बीच संवेदनशील रिश्ते की मिसाल पेश कर रही है।

# बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड स्टाफ सोसायटी की 16वीं वार्षिक साधारण सभा व चुनाव सम्पन्न



स्मार्ट हलचल|कोटा

बैंक ऑफ राजस्थान रिटायर्ड स्टाफ सोसायटी की 16वीं वार्षिक साधारण सभा एवं त्रैवार्षिक चुनाव का आयोजन भीलवाड़ा में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कोटा के सुरेश खंडेलवाल को राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित किया गया, जबकि मानसिंह सिकरवार राष्ट्रीय सचिव पद पर निर्विरोध चुने गए।

चुनाव प्रक्रिया में देशभर से आए लगभग 300 प्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की। अध्यक्ष पद पर जयपुर के महेन्द्र बैराठी तथा कोषाध्यक्ष पद पर सुभाष कासलीवाल को निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं रामेश्वर दयाल न्याति एवं दीपक दवे संयुक्त सचिव तथा सुरेश चंद जैन कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश खंडेलवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण योजनाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने संगठनात्मक एकता को और मजबूत करने का संकल्प भी दोहराया। सभा की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं एवं सफल आयोजन के लिए कोटा चैप्टर के अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता एवं सचिव प्रेम विजय ने आयोजन समिति के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# धाकड़ समाज की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में उमड़ा खेल उत्साह

## पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा



बजरंग क्रिकेट क्लब जमालखेड़ा, नरसिंहगढ़ के तत्वावधान में धाकड़ समाज द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 1 जनवरी से 12 जनवरी तक भव्य रूप से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के छठे दिन मंगलवार को आयोजित रोमांचक मुकाबलों में राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि उदयलाल आंजना ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आयोजित मंचासिन समारोह की अध्यक्षता क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष गोपाल आंजना ने की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डोरिया सरपंच रमेश धाकड़, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गुलाब धाकड़ एवं निर्भयराम धाकड़ उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रयास बताया।

आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि उक्त टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में नीमच, जावद, निंबाहेड़ा, छोटीसादड़ी, बड़ी सादड़ी, भदेसर, चित्तौड़गढ़ एवं बेगूं सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आई टीमों द्वारा भाग लिया जा रहा है, जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक बना हुआ है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचासिन मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना का क्रिकेट आयोजन समिति की ओर से सरपंच हीरालाल भील, पुष्कर धाकड़, प्यारचंद धाकड़, सत्यनारायण धाकड़, ओम धाकड़, रंगलाल धाकड़, रामपाल धाकड़, पारस धाकड़, सुनील धाकड़, लोकेश धाकड़,अर्जुन टांक, कमलेश धाकड़, प्रभुलाल धाकड़, सीताराम धाकड़,सहित अन्य पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों ने माल्यार्पण व साफा पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्रतियोगिता स्थल पर बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए मैचों का आनंद लिया।

# लालधागे सरकार भेरुधाम ने असहाय परिवार को दी आर्थिक राहत



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड मुख्यालय सावर के अंतर्गत मेहरूखुर्द स्थित प्रख्यात लालधागे सरकार भेरुधाम ने एक बार फिर मानवता, संवेदना और समाज सेवा की अनुकरणीय मिसाल पेश की है। पिता की आकस्मिक मृत्यु से बेसहारा हुए सावर निवासी परिवार को भेरुधाम की ओर से 1 लाख 21 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान कर पीड़ा के समय में मजबूत सहारा दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सावर निवासी सुरेंद्र सिंह राठौड़ का हाल ही में अचानक निधन हो गया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मासूम बच्चियों के भविष्य को लेकर उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट की सूचना मिलते ही लालधागे सरकार भेरुधाम के सानिध्य में संचालित भेरुधाम सेवा समिति ने त्वरित सहायता का निर्णय लिया।

बुधवार को लालधागे सरकार ने स्वयं पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए 1.21 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं और वातावरण भावुक हो उठा।

उल्लेखनीय है कि देश-विदेश में संतान प्राप्ति की मनोकामनाओं के लिए विख्यात लालधागे सरकार भेरुधाम इससे पूर्व भी अनेक असहाय, जरूरतमंद व संकटग्रस्त परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करता रहा है। भेरुधाम की यह पहल समाज में सेवा, संवेदना और मानव धर्म का सशक्त संदेश देती है।

इस पुनीत कार्य के लिए ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों ने लालधागे सरकार भेरुधाम एवं भेरुधाम सेवा समिति के प्रति गहरा आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

# गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों की समीक्षा, विकास-संस्कृति और संविधान की झलक दिखेगी - जिला कलेक्टर कमल राम मीना

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। एनसीसी कैडेट्स द्वारा अनुशासित एवं प्रभावशाली परेड का आयोजन होगा, वहीं महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विशेष म्यूजिकल प्रोग्राम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली झांकियों के माध्यम से जिले में हो रहे विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं, नवाचारों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जो देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है। संविधान सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है तथा मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों एवं नीति निर्देशक तत्वों के माध्यम से एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि संविधान भारत की विविधता में एकता का प्रतीक है और प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने की प्रेरणा देता है।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, उपखण्ड अधिकारी दिव्यांश सिंह, तहसीलदार ब्यावर, विकास अधिकारी ब्यावर, आयुक्त नगर परिषद ब्यावर, उपपंजीयक ब्यावर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ब्यावर, जिला रसद अधिकारी ब्यावर, परिवहन अधिकारी ब्यावर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ब्यावर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास, अधीक्षण अभियंता अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ब्यावर, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, प्राचार्या सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर तथा प्रधानाचार्य पटेल राजकीय विद्यालय सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सुरक्षा, यातायात, ध्वजारोहण, मंच व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समन्वय एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

# वार्ड संख्या 12 पंचायत समिति में आपत्ति दर्ज करवाने के लिए सौपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** दिगोद तहसील मे पंचायत समिति वार्ड संख्या 2 में पूर्व में ग्राम पंचायत डूंगरज्या एवं ग्राम पंचायत कोटसुवा की थी लेकिन नए परिसीमन में ग्राम पंचायत डूंगरज्या एवं अमरपुरा को वार्ड संख्या 12 कर के जोड़ दिया गया है,! युवा नेता मनीष मीणा कचोलिया ने बताया की अमरपुरा ग्राम पंचायत डूंगरज्या ग्राम पंचायत की दूरी 17 किलोमीटर से अधिक दूरी पर है एवं इन दोनों ग्राम पंचायतों की दूरी अधिक होने से ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पडेगा! ग्राम पंचायत डूंगरज्या को पास ही स्थित नव गठित पंचायत चन्द्रावला,शोली में से किसी भी ग्राम पंचायत से जोड़कर वार्ड संख्या 12 में जोड़ने की मांग रखी ! इस मौके पर कुंजबिहारी नागर विनोद मेघवाल नेमीचंद मीणाहरिपुरा मनीष मीणा कचोलिया महेश मीणा कचोलिया श्यामलाल चौथमल गोविन्द मीणा जितेंद्र मीणा सोनू मीणा समस्त ग्राम कचोलिया ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हनुमान मंदिर परिसर में अन्नकूट महोत्सव आयोजित, धार्मिक कार्यक्रमों की रह धूम



स्मार्ट हलचल|सूरौठ

कस्बे के बूढंदे बाबा मार्ग स्थित खाकी जी वाले हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में कड़ी बाजरे की प्रसादी वितरित की गई तथा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कस्बे के भोपरिया पुरा वासियों की ओर से आयोजित अन्नकूट कार्यक्रम के दौरान भजन संगीत का आयोजन भी किया गया। लोगों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ भोपरिया पुरा के पंच पटलों ने दोपहर में हनुमान मंदिर में भोग लगाकर किया। इस मौके पर विधि विधान से खाकीजी वाले हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात देर शाम तक प्रसादी वितरण का दौर चला। प्रसादी पानी के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक कार्यक्रम में काफी लोगों ने शिरकत की।

# बकानी क्षेत्र में गौसेवक संत पं. कमलकिशोर जी नागर की कथा 15 जनवरी से

स्मार्ट हलचल|कोटा

सरस्वती के वरद पुत्र, मालवा के लोकप्रिय गौ सेवक संत पूज्य पं. कमल किशोर जी नागर



के मुखारविंद से आगामी 15 से 21 जनवरी तक बकानी से एक किमी दूर थोबड़िया खुर्द गांव में श्रीमद् भागवत कथा का विराट आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजक गौसेवक मोहनलाल मदनलाल विश्वकर्मा ने बताया कि 7 जनवरी को कथा भूमि पर गणेश पूजन एवं बजरंग बली का विधिवत पूजन होगा। उसके बाद 20 बीघा खेत में विराट कथा पांडाल, यातायात व पार्किंग व्यवस्था, आवास, पेयजल, बिजली, स्वच्छता, सुरक्षा, पूछताछ समितियां गठित कर बड़े स्तर पर तैयारियां प्रारंभ की जा रही है।

भूमि पूजन के पश्चात राजस्थान के हाड़ौती में कोटा, मोड़क, चेचट, रामगंजमंडी, झालावाड़, झालरापाटन, भवानीमंडी, रायपुर, पिड़ावा, सुनेल, बकानी, अकलेरा, मनोहरथाना, असनावर एवं मालवा के राजगढ़, ब्यावरा, पचोर, खिलचीपुर, जीरापुर, माचलपुर, गागरोनी सहित आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में गौभक्तों को पीले चांवल भेजकर कथा सुनने लिए न्यौता दिया जायेगा।

### 222 गौशालाओं में गौ सेवा –

बकानी के गौसेवक धनराज राठौर ने बताया कि पूज्य संत नागरजी की प्रेरणा से हाड़ौती एवं मध्यप्रदेश में 222 गौशालाये जनसहयोग से सुचारू ढंग से संचालित की जा रही है। इनमें निशक्त एवं बीमार गौवंश की देखभाल एवं सेवा भी की जा रही है।

### पांच वर्ष बाद राजस्थान में होगी कथा –

उन्होंने बताया कि 5 वर्ष बाद राजस्थान के गोभक्तो को पूज्य पं.नागर जी के ओजस्वी प्रवचन सुनने को मिलेंगे। बकानी में गुरुदेव की कथा 20 साल बाद होने से सूचना मिलते ही बकानी के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त उत्साह एवं उत्सव का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि पूज्य नागरजी की प्रेरणा से गौभक्तों ने मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्र झबुआ जिले के गांवों में राम - कृष्ण के कई मंदिर बनवाने में तन-मन-धन से सहयोग किया हैं। सनातन धर्म में आस्था बढ़ने से आदिवासियों के धर्मांतरण पर भी रोक लगी है।

# सूरौठ के राजकीय महाविद्यालय में युवा पखवाड़ा संगोष्ठी आयोजित




स्मार्ट हलचल|सूरौठ

कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सूरौठ नगर इकाई की ओर से युवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता एबीवीपी के प्रांत कार्यकारणी सदस्य तिलक भारद्वाज थे। कार्यक्रम में भारद्वाज ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हजारों युवाओं के प्रेरणादायक स्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। यह वाक्य केवल शब्द नहीं बल्कि जीवन जीने का एक मंत्र है। कार्यक्रम में महाविद्यालय इकाई सचिव आशु कुमारी मीणा ने बताया कि यदि हम शिक्षा को केवल नौकरी पाने का साधन न बनाकर चरित्र निर्माण का माध्यम समझे तो यह विवेकानंद का मार्ग होगा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष बलवीर सिंह, नगर मंत्री अभिषेक शर्मा, नगर सह मंत्री मनोज कुमार, सह मंत्री संदेश बेनीवाल, इकाई अध्यक्ष कन्हैया, इकाई उपाध्यक्ष मेघा जांगिड़, छात्रावास संयोजक सूरज योगी आदि कार्यकर्ताओं ने परिचर्चा की।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com